हिन्दी दैनिक

जौनपुर, लखनऊ व भदोहीं से प्रकाशित

देश की उपासना

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

dku live & dkunews24

वर्ष : 04 अंक–125 : जौनपुर, सोमवार 04 जुलाई 2022 सान्ध्य दैनिक (संस्करण) पेज –4 मूल्य : 2 रूपया

सेवा सुरक्षा और सुशासन के लिए रहे 100 दिन –मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

लखनऊ ब्यूरो : अपनी सरकार के दूसरे कार्यकाल के 100 दिन पूरे होने पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रेस कांफ्रेंस कर सरकार की उपलब्धियों को जनता के सामने रखा। इस मौके पर उन्होंने एक पुस्तक का विमोचन किया। – इस मौके पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि हमारी सरकार के दूसरे कार्यकाल के 100 दिन जनता की सेवा, सुरक्षा और सुशासन को समर्पित रहे हैं। यही कारण है कि पहले विधानसभा चुनाव में प्रचंड बहुमत, फिर विधान परिषद चुनाव में जीत और अभी हाल ही में आजमगढ़ और रामपुर में हुए लोकसभा उपचुनाव में भाजपा की जीत सरकार पर जनविश्वास का प्रतीक है। – मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि हमने जनता से जो भी वादे किए हैं वो पूरे किए। अब हम प्रदेश की अर्थव्यवस्था को एक ट्रिलियन डॉलर की बनाने के लिए काम कर रहे हैं। जिससे कि उत्तर प्रदेश देश का ग्रोथ इंजन बन सके। प्रदेश को देश की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने के लिए काम कर रहे हैं। – हमने 10 सेक्टरों को सूचीबद्घ किया जिसकी जिम्मेदारी वरिष्ठ अधिकारियों को दी गई। जिससे कि निवेश से लेकर विकास के हर क्षेत्र में प्रदेश तेजी से आगे बढ़ सके। – प्रदेश में 844 करोड़ रुपये पेशेवर अपराधियों व माफियाओं की संपत्ति जब्त की है। उन्होंने कहा कि 2017 के बाद से अब तक करीब 2925 करोड़ रुपये से अधिक की अवैध संपत्ति जब्त की गई है। यह सरकार की अपराध के प्रति जीरो टॉलरेंस नीति का परिणाम है। – पिछले पांच साल में प्रदेश में कानून का राज स्थापित हुआ है। पहले प्रदेश दंगा और अराजकता के लिए जाना जाता था पर भाजपा सरकार में एक भी दंगा नहीं हुआ है। – पिछले पांच साल में प्रदेश की जीडीपी दोगुना हुई है साथ ही प्रति व्यक्ति आय भी दोगुना के करीब हुई है। 2017 के पहले प्रदेश का बजट करीब तीन लाख करोड़ था जो कि अब 6 लाख 15 हजार करोड़ हो चुका है। बजट में सरकार के 97 संकल्पों को लागू किया गया है। – धार्मिक स्थलों से अनावश्यक लाउडस्पीकर हटाए गए हैं। यह बिना किसी विवाद के हुआ है। किसी भी धार्मिक त्योहार में सड़कों पर कोई आयोजन नहीं हुआ। –

प्रदेश में पहली बार निवेश का माहौल बना है। प्रदेश में 80 हजार करोड़ रुपये की करीब 1400 परियोजनाओं का शिलान्यास किया। प्रदेश में डाटा सेंटर हब बन रहा है। प्रदेश में नई डाटा सेंटर नीति लागू की। सूबे में चार डाटा सेंटर स्थापित किए जा रहे हैं। – प्रदेश सरकार ने कर्मचारियों का भी ध्यान रखा और ई–पेंशन सेवा शुरू की। – प्रदेश में एक लाख 20 हजार से अधिक लाउडस्पीकर हटाए गए या उनकी आवाज कम की गई। यह बिना शोरगुल के हुआ। यह जनविश्वास का प्रतीक है। प्रदेश में कोई भी सार्वजनिक कार्यक्रम सड़कों पर नहीं हुआ है। चाहे अलविदा की नमाज हो या कोई अन्य कार्यक्रम। ये सरकार के प्रति जनता के विश्वास को दर्शाता है। मुख्यमंत्री योगी ने जनता के सामने रिपोर्ट कार्ड रखा। – यूपी में बीते 100 दिनों में 10 हजार सरकारी नौकरी दी गई है। हमने लक्ष्य रखा है कि प्रदेश के नौजवानों को रोजगार शुरू करने के लिए दो लाख से अधिक का लोन देंगे। – यूपी का निर्यात एक लाख 56 हजार करोड़ रुपये का हो गया है। – मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि 2017 में जब हमारी सरकारी आई थी तो प्रदेश के 86 लाख किसानों का ऋण माफ कर दिया था। 2022 में जब पहली कैबिनेट बैठक हुई तो सरकार ने प्रदेश के 15 करोड़ गरीबों को मुफ्त राशन देने का निर्णय लिया। यह सरकार की दिशा को दर्शाता है। – प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अगले सप्ताह बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे का शुभारंभ कर रहे हैं। प्रदेश में तेजी से एक्सप्रेस वे का निर्माण हो रहा है। – यूपी में इस समय 10 एयरपोर्ट चालू हैं और 9 पर काम हो रहा है। योगी के नेतृत्व में सरकार ने 25 मार्च, 2022 को शपथ ली थी। रविवार को सरकार का 100 दिन का कार्यकाल पूरा हो गया। वहीं, 6 से 15 जुलाई तक निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, ब्रजेश पाठक सहित सभी मंत्री अपने–अपने विभाग की सौ दिन की उपलब्धियों के साथ आगामी कार्ययोजना प्रस्तुत करेंगे।

बीएड संयुक्त प्रवेश परीक्षा–2022 को नकलविहीन शुचितापूर्ण सफल कराए जाने के सम्बंध में बैठक संपन्न

जौनपुर सू.वि. : बीएड संयुक्त प्रवेश परीक्षा–2022 को नकलविहीन, शुचितापूर्ण सफल कराए जाने के सम्बंध में जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित प्रेक्षागृह में संबंधित विद्यालयों के प्रधानाचार्य, केंद्र व्यवस्थापको, सेक्टर एवं स्टैटिक मजिस्ट्रेट, पर्यवेक्षको के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने बताया कि 06 जुलाई 2022 को दो पालियों में (प्रथम पाली में पूर्वान्ह 9:00 बजे से 12:00 बजे तक एवं द्वितीय पाली अपरान्ह 2:00 बजे से 5:00 बजे तक) आयोजित होने वाली बीएड० पाठ्यक्रम शैक्षिक सत्र 2022–24 में प्रवेश हेतु संयुक्त प्रवेश परीक्षा–2022 को शुचितापूर्ण निर्विवाद एवं शान्तिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराये जाने हेतु जनपद में 68 परीक्षा केन्द्र निर्धारित है जिनमें कुल 29 हजार 119 विद्यार्थी प्रतिभाग करेंगे। जिलाधिकारी ने कहा कि परीक्षा केन्द्रो पर सीसीटीवी कैमरे से निगरानी की जाएगी। उन्होंने कहा कि परीक्षा केन्द्र के भीतर मोबाईल एवं किसी भी प्रकार का इलेक्ट्रानिक सामान ले जाने की अनुमति नही है, इसका सख्ती से पालन कराया जाये। जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में शांतिपूर्ण परीक्षा संपन्न कराए जाने में सभी केंद्र व्यवस्थापक सहयोग करे, यदि कही भी नकल कि शिकायत आयी तो सम्बन्धित को जेल भेजने की कार्यवाई की जायेगी। उन्होंने निर्देश दिया कि परीक्षा के दिन सभी

मजिस्ट्रेट भ्रमणशील रहेंगे। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व रामप्रकाश ने बताया कि जनपद में बीएड प्रवेश परीक्षा को शांतिपूर्ण संपन्न कराए जाने के लिए 27 सेक्टर मजिस्ट्रेट, 68 स्टैटिक मजिस्ट्रेट व 136 पर्यवेक्षक तैनात किए गए हैं। जो परीक्षा केंद्रों पर पैनी नजर रखेंगे और परीक्षा को शांतिपूर्ण संपन्न कराएंगे। अपर पुलिस अधीक्षक डॉ0 संजय कुमार ने कहा कि परीक्षा को सकुशल संपन्न कराए जाने हेतु पर्याप्त पुलिस बल की व्यवस्था की गई है, केंद्रों पर महिला पुलिस के द्वारा जांच की जाएगी तथा परीक्षा को सकुशल संपन्न कराए जाने हेतु एसटीएफ भी सक्रिय रहेगी। इस अवसर पर बरेली विश्वविद्यालय के प्रतिनिधि प्रो0 प्रेमपाल सिंह, विष्णु गुप्ता, राकेश मौर्या, पूर्वान्चल विश्वविद्यालय के रजिस्टार डा0 रमेशमणि त्रिपाठी, सहायक रजिस्टार बबिता सिंह, अतिरिक्त उप जिलाधिकारी ललित मिश्रा, रमेश यादव, अखिलेश पाण्डेय सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहें।

स्वामी विवेकानंद जी की पुण्यतिथि पर संगत पंगत ने अर्पित किया श्रद्धासुमन

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : स्वामी विवेकानंद जी के पुण्यतिथि पर संगत पंगत जौनपुर के पदाधिकारियों ने वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष विश्व प्रकाश श्रीवास्तव दीपक पत्रकार के आवास पर एक संगोष्ठी जिलाध्यक्ष पंकज श्रीवास्तव हैप्पी के अध्यक्षता में अयोजिय किया गया। संचालन महामंत्री सुलभ श्रीवास्तव ने किया।इस अवसर पर प्रदेश सहसंयोजक संगत पंगत बच्चा भइया ने कहा की आज विश्व पटल पर सनातन संस्कृति के स्वर्णिम परचम को लहराने वाले युगपुरुष एवम युवाओं के प्रेरणाश्रोत्र कायस्थ रत्न स्वामी विवेकानंद जी की पुण्यतिथि पर संगत पंगत परिवार भावभीनी श्रंद्धाजलि अर्पित करता हैं। जिला अध्यक्ष पंकज श्रीवास्तव ने उनके जीवन पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि आज हमें उनके बताए रास्ते पर चलने की जरूरत है हमें उनके आदर्शों अनुसरण करना चाहिए कायस्थ समाज के सिरमौर से हमें आज भी उनके ऊपर गर्व है। वरिष्ठ उपाध्यक्ष विश्व प्रकाश श्रीवास्तव ने कहा किस्वामी विवेकानन्द वेदान्त के विख्यात और प्रभावशाली आध्यात्मिक गुरु थे। उनका वास्तविक नाम नरेन्द्र नाथ दत्त था। उन्होंने अमेरिका स्थित शिकागो में सन् 1893 में आयोजित विश्व धर्म महासभा में भारत की ओर से सनातन धर्म का प्रतिनिधित्व किया था।उनका जन्म 12 जनवरी 1863,कोलकाता में हुआ था। महज 39 साल की उम्र में 4 जुलाई 1902, बेलुर मठ, हावड़ा में उनका निधन हो गया।उनके अनमोल वचन और संदेश आज भी युवाओं के लिये प्रेरणा स्रोत है।स्वामी जी का कथन था कि उठो, जागो और तब तक नहीं रुको जब तक मंजिल प्राप्त न हो जाय।वर्तमान समय की माग है कि हमे उनके कहे गए विचारों को आत्मसात करते हुए अपने अतीत के गौरवशाली इतिहास को संजोए रखे।और समाज के सामने बेहतर उदाहरण प्रस्तुत कर सके।हम सब आज उन्हें अपनी भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं।इस अवसर पर जिला मीडिया प्रभारी अंकित श्रीवास्तव पत्रकार, शरद श्रीवास्तव, अनुपम श्रीवास्तव ,अमित श्रीवास्तव, अनीश श्रीवास्तव ,अनिल श्रीवास्तव आतिश श्रीवास्तव, डॉ प्रतिमा श्रीवास्तव ,प्रियंका श्रीवास्तव अज्जू श्रीवास्तव,अमित श्रीवास्तव, आदि चित्रांश उपस्थित रहे।

शादी समारोह में दुल्हन के चाचा को मारी गोली : आरोपी फरार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : बक्शा थाना क्षेत्र के सरायरैचंदपुर गांव में रविवार की रात शादी समारोह में अज्ञात बदमाश ने गोली मारकर दुल्हन के चाचा को घायल कर मौके से फरार हो गया। सूचना पर पहुँची पुलिस की मौजूदगी में शादी सपंन्न हुई। लड़की पक्ष की तहरीर पर हत्या के प्रयास का मुकदमा दर्ज किया गया। गांव निवासी 40 वर्षीय अवधेश कुमार सरोज के घर उनकी भतीजी की बारात आई थी। वैवाहिक कार्यक्रम के दौरान करीब साढ़े दस बजे एक अज्ञात व्यक्ति ने अवधेश को लक्ष्य कर गोली चला दी। गोली दाहिने कंधे को से निकल पार हो गई। मौके से आरोपी फरार हो गया। घटना से विवाह समारोह में अफरा–तफरी मच गई। परिजन घायल अवधेश को जिला अस्पताल ले जाकर भर्ती करवाए। घायल की माने तो उसकी कुछ लोगों से पुरानी रंजिश है, इसीलिए गोली मारी गई है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। उधर रात्रि में पहुँची पुलिस सुरक्षा में शादी सम्पन्न हुई। सोमवार सुबह विदाई पश्चात पुलिस कर्मी वापस हुए। प्रभारी थानाध्यक्ष महेश कुमार सिंह ने बताया कि टीम गठित कर दी गई है आरोपी जल्द गिरफ्तार हो जाएंगे।

प्राथमिक विद्यालय वारी की रसोइया 2 दिन से गायब

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : मछलीशहर कोतवाली के वारी प्राथमिक स्कूल की रसोइया प्रमिला देवी 50 शनिवार को घर से रहस्यमय तरीके से गायब हो गयी ।पहले परिजन खुद खोज रहे थे लेकिन कोई पता नही चला ।अनहोनी की आशंका से परिवार वाले परिवार वाले परेशान हो उठे है। आज मछलीशहर कोतवाली में पहुचे परिजनों ने सूचना दिया।सूचना पर गुमसुदगी दर्ज कर पुलिश खोजबीन में जुट गई है ।इस सम्बंध में कोतवाली प्रभारी देवानंद रजक का कहना है कि महिला के गुमसुदगी लिख ली गयी है पुलिश मामले की जाच कर रही है।

आल इंडिया फेयर प्राइस शाप डीलर्स फेडरेशन के बैनर तले कोटेदारों ने सौंपा नौ सूत्रीय मांगों का पत्रक

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : आल इंडिया फेयर प्राइस शाप डीलर्स फेडरेशन के बैनर तले कोटेदारों ने सोमवार को नौ सूत्रीय मांगों का पत्रक पीएम को संबोधित एसडीएम डा. प्रदीप कुमार को सौंपा। संघ के प्रदेश अध्यक्ष राजेश तिवारी ने पत्रक के माध्यम से मांग किया कि खाद्य सुरक्षा योजना के तहत राशन डीलरों की मासिक निश्चित आय की स्वीकृति एवं कमीशन बढ़ाये जाय। क्योंकि हम सभी प्रदेश के 15 करोड़ परिवारों में सुबह से लेकर शाम तक खाद्यान्न वितरित करते हैं। फिर भी न तो सरकारी कर्मचारियों का दर्जा दिया गया और न ही पर्याप्त मानदेय ही बढ़ाया गया। अपनी नौ सूत्रीय मांगो पर सहानुभूति पूर्वक विचार करते हुए आवश्यक कार्यवाई करें। अन्यथा दो अगस्त को संसद भवन के सामने धरना–प्रदर्शन करने को बाध्य होंगे। इस अवसर पर मंगरुराम, रामकुमार सिंह, बुद्धिराम मौर्य, अमरनाथ, राजितराम आदि उपस्थित रहे।

रोजगार सेवकों ने विकास खंड कार्यालय के सामने किया प्रदर्शन

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : सोमवार को विकास खंड शाहगंज सोंधी कार्यालय के सामने रोजगार सेवकों ने अपने शोषण एवम उत्पीड़न के विरोध में प्रदर्शन किया । प्रदर्शन के बाद बी डी ओ को मांगो का ज्ञापन सौंपा गया। ग्राम रोजगार सेवक संघ शाहगंज के नेतृत्व में सोमवार को रोजगार सेवकों ने प्रदर्शन करते हुऐ नारेबाजी की । रोजगार सेवकों का कहना था उनका शोषण और उत्पीड़न किया जा रहा है । मानदेय समय से नही दिया जाता है । यदि समस्या का निराकरण नही हुआ तो रोजगार सेवक मुख्यमत्री के दरबार तक जायेंगे। प्रदर्शन के बाद खंड विकास अधिकारी सोंधी नंदलाल को ज्ञापन सौंपा गया । प्रदर्शन में मुख्य रूप से आशुतोष श्रीवास्तव, निशानाथ, उमाकांत, कुसुम सिंह, सुषमा , ज्योति यादव,साधना, विनोद आदि रोजगार सेवक शमिल रहे।

प्रधानाध्यापक पर बच्चे का एडमिशन नही करने का लगाया आरोप : प्रधानाध्यापक का वीडियो हो रहा वायरल

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : जहा एक ओर शासन ने दिशा निर्देश देकर शिक्षको को घर घर जाकर नामांकन करने का आदेश दिया है वही कमासिन द्वितीय प्राथमिक विद्यालय मे प्रधानाध्यापक पर स्कूल पहुचने पर भी बच्चे का नामांकन नही करने का आरोप लगा है जिसमे प्रधानाध्यापक के खिलाफ खण्ड शिक्षा अधिकारी को लिखित शिकायत भी की गयी है तथा इसका विडियो भी वायरल हो रहा है। मछलीशहर ब्लाक के अन्तर्गत आने वाली ग्राम पंचायत कमासिन के प्राथमिक विद्यालय द्वितीय के प्रधानाध्यापक के खिलाफ गाँव के आशीष कुमार यादव ने खण्ड शिक्षा अधिकारी को लिखित पत्र लिखकर शिकायत किया है की वह अपने बच्चे का नामांकन कराने स्कूल गये थे जिस पर प्रधानाध्यापक ने नामांकन फार्न बाहर से खरीद कर लाने के लिए कहा जिस पर उन्होंने कहा की फार्म स्कूल मे नही होता है क्या इसी बात पर प्रधानाध्यापक नाराज हो गये और स्कूल से भाग जाने के लिए कहने लगे कहा की नही जाओगे तो धक्के मारकर भगा दूगा तुम्हारे बच्चे का नामांकन नही करुगा आशीष का यह भी आरोप है की प्रधानाध्यापक रोजाना स्कूल नही आते जब आते है तो स्कूल मे गपसप करते है। प्रधानाध्यापक द्वारा नामांकन नही करने का विडियो भी सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। खण्ड शिक्षा अधिकारी मछलीशहर बसन्त शुक्ला का कहना है की मामले की जानकारी मिलने के बाज स्कूल गया था प्रधानाध्यापक से बच्चे का नामांकन करने के लिए निर्देश दिया गया है।

आवश्यक सूचना

आप सभी पाठक बन्धुओं से अनुरोध है कि आनलाइन समाचार पत्र पढ़नें और ई–पेपर का लाभ लेने हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट एवं न्यूज पोर्टल - dku live चैनल पर सम्पर्क कर लाभ उठायें– उ0प्र0 के सभी जनपदों एवं तहसीलों से पत्रकार बननें के लिए सम्पर्क करें–

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

–संपादक

एंबुलेंस मे ही ईएमटी अनुराग कुमार के द्वारा सुरक्षित प्रसव कराया गया

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। गाड़ी संख्या UP 53 AG 0541 के ईएमटी अनुराग कुमार चालक अनुज यादव ने एंबुलेंस में सुरक्षित प्रसव कराया। सिंधु नगर कृष्णा नगर से अंजू आशा ने 102 एंबुलेंस पर कॉल किया जिसकी सूचना मिलने पर एंबुलेंस चंदर नगर से सिंधुनगर से कृष्णा नगर पहुंचती हैं और मरीज को हॉस्पिटल लेकर जाते समय प्रसव पीड़ा तेज होने पर एंबुलेंस मे ही ईएमटी अनुराग कुमार के द्वारा सुरक्षित प्रसव कराया गया और जच्चा, बच्चा को बाल महिला चिकित्सालय चंदर नगर आलमबाग में भर्ती कराया।

4 से 7 जुलाई तक होगा आम महोत्सव का आयोजन

जौनपुर सू.वि. : जिला उद्यान अधिकारी हरिशंकर ने बताया है कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी लखनऊ में आम महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। उद्यान विभाग की ओर से जनपद के आम बागवानो को अवध शिल्प ग्राम अवध विहार योजना लखनऊ में आयोजित आम महोत्सव में प्रतिभाग करने हेतु प्रोत्साहित किया जा रहा है। यह आयोजन 4 जुलाई से 7 जुलाई तक रहेगा। इसमें बागवान व क्रेता आम बिकी हेतु अपना स्टाल भी साथ में आकर्षक पैकिंग में लाकर विक्रय कर सकते है। आम का उत्पादन जनपद के मुख्यतः बदलापर, शाहगंज, कंजाकला, बक्शा विकासखण्ड में किया जा रहा है। आम महोत्सव में उत्कृष्ट कोटि के आम प्रदर्शन की प्रतिस्पर्धा होगी, जिसमें अच्छे आम उत्पादको को पुरस्कृत भी किया जायेगा। जनपद का कोई भी बागवान अपने उत्कृष्ट उत्पाद के साथ महोत्सव में प्रतिभाग कर सकता है।

24 घंटे में चोरी के माल समेत चोर गिरफ्तार

सुलतानपुर ब्यूरो आलोक श्रीवास्तव : बल्दीराय थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत रामनगर के पूरे जगनू पाण्डेय गांव के निवासी दरोगा राजेन्द्र पाण्डेय के घर शनिवार की रात चौनल का ताला तोड कर चोरी हुई थी। घटना की तहरीर दरोगा के पुत्र शुभम पान्डे ने अज्ञात में मुकदमा दर्ज कराया था।पुलिस ने शक्रियता दिखाते हुए चोरी में शामिल दो अभियुक्तो को चोरी के सामान सहित थाना क्षेत्र के रामनगर गांव के निवासी प्रेम नरायन उर्फ पिन्टू फास्टर व नरेन्द्र उर्फ दरोगा निवासी ढबिया को वलीपुर चौकी इंचार्ज राकेश कुमार ओझा ने पुलिस टीम के साथ रामनगर गांव में ही स्थित एक ईट भठठे के पास से गिरफ्तार कर लिया।थानाध्यक्ष अमरेन्द्र बहादुर सिह ने बताया कि अन्य अभियुक्तों की तलाश चल रही है।

एम्बुलेंस को ट्रक ने मारा धक्का : दो घायल

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : आजमगढ़ वाराणसी मार्ग पर गोमती नदी पुल के पास दुर्घटना में घायल को ट्रॉमा सेंटर छोड़कर आ रही एम्बुलेंस 108 को ट्रक ने धक्का मार दिया जिससे एम्बुलेंस क्षतिग्रस्त हों गई वहीं उसमें बैठे स्वास्थ्य कर्मी व चालक घायल हो गए।सभी का इलाज सीएचसी डोभी में कराया गया। अटहरपार गांव निवासी नंदलाल यादव (50) पुत्र देवराज यादव चंदवक थाना गेट के सामने बाइक से गिरकर घायल हो गए जिन्हें उपचार के लिए सीएचसी डोभी ले जाया गया जहां हालत गंभीर देख डॉक्टरों ने ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया। रेफर होने के बाद वाराणसी के ट्रामा सेंटर छोड़ कर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डोभी की 108 एम्बुलेंस वापस आ रही थी कि गोमती नदी पुल के पास ट्रक के टक्कर से एम्बुलेंस बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई।उसमें सवार एम टी संतोष कुमार व चालक आशीष कुमार यादव घायल हो गए। सभी का इलाज सीएचसी में चल रहा है।

प्रेमिका के साथ भूसे में छिपे प्रेमी की हुई धुनाई

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : कोतवाली मछली शहर के एक गाव में सुबह सुबह लोगो ने प्रेमिका के बुलाने पर पहुचे प्रेमी की जमकर धुनाई के बाद पुलिश को शौप दिया।जानकारी के अनुसार सुबह 10 बजे गाव में ही एक प्रेमी अपने प्रेमिका के बुलावे पर घर पहुच गया और घर के बगल में भूसा रखने के लिए बने घर मे घुस गए।इशी बीच गाव वालो को भनक लग गयी ।लोगो ने जुटकर प्रेमी की पिटाई कर दिया और मौका पाकर प्रेमिका फरार हो गयी ।लोगो ने पुलिस को सूचना दिया मौके पर पहुची पुलिश आरोपी को साथ थाने लायी ।इस सम्बंद में कोतवाल देवानन्द रजक का कहना है कि सूचना मिली थी गाव से एक लड़का पकड़ के आया है मामले जाच हो रही है।

facebook YouTube WhatsApp twitter Instagram

–सुविचार–

सारी आवश्यकताओं और आकांक्षाओं का मूल कारण ही है आध्यात्मिक इच्छा का अपूर्ण होना।

–साभार ज्ञानामृत पत्रिका

सम्पादकीय

प्राकृतिक विकास : भविष्य की कोख में बंजरता के बीज

जब तक विज्ञान हमारे धर्म–दर्शन का अभिन्न अंग था, उसका स्वरूप मानव कल्याण वाला ही था। जब से विज्ञान को आर्थिकी की पीठ पर बैठा दिया गया, इसका उद्देश्य प्रकृति दोहन पर आधारित आर्थिक वृद्धि तक सीमित रह गया।

मानव सभ्यता ने प्राकृतिक विकास की एक ऐसी स्थिति प्राप्त कर ली है, जहां मानव प्रजाति का संपूर्ण जीवन और सारे जीवित ग्रह पर नियंत्रण है। संपूर्ण जैवमंडल, ग्रह, यहां तक कि श्अपराजेयश ब्रह्मांड भी अब मानव जाति की हिरासत में है। किसी एक जीव का इतना विराट वर्चस्व! क्या यह प्राकृतिक विकास का लक्ष्य था? शारीरिक शक्ति में अनेक प्रजातियों से निर्बल होने पर भी सारे जीवों के नियंता के रूप में अस्तित्व में आए मानव के विकास की गाथा के केंद्र में है उसकी बुद्धि की अद्भुत क्षमताएं और उसके नट–बोल्ट कलाओं वाले हाथों की रचनाएं।

मानव ने पृथ्वी के जैवमंडल के इतर एक विराट अंतरिक्ष क्षेत्र में अपना अस्तित्व जमा लिया है, जिसे हम मानव प्रभा मंडल अथवा बौद्धिक मंडल कह सकते हैं। नक्षत्रों, ग्रहों, चंद्रमाओं और क्षुद्र ग्रहों से लेकर ब्लैकहोल तक की खोजें हमने कर ली हैं। इन उपलब्धियों के उपरांत भी हम संतृप्त नहीं हुए, इसलिए अपने बौद्धिक मंडल की परिधि बढ़ाते जा रहे हैं। और संभवतः निकट भविष्य में हमारा प्रभा मंडल ब्रह्मांड की अनंतता तक विस्तार ले लेगा।

मानव की ऐसी अकूत प्रगति में सबसे बड़ा हाथ रहा है उसी के द्वारा आविष्कृत और विकसित विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी का।

दोनों का एक ही लक्ष्य रहा है रू प्रकृति और प्राकृतिक संसाधनों का अधिकतम दोहन। आर्थिक वृद्धि को उच्चतम स्तर पर ले जाने के लिए अंधाधुंध प्रतिस्पर्धा चली, तो प्रकृति का विनाश चरम की और बढ़ता चला गया। लाखों–करोड़ों वर्षों में अस्तित्व में आए और समय के साथ पौधों, जंतुओं और सूक्ष्म जीवों की असंख्य प्रजातियों से वैभव पर पहुंचे पृथ्वी के जीवन से जुड़े पवित्रता के भाव विज्ञान और प्रौद्योगिकी ने तार–तार कर दिए हैं। निष्ठा, परोपकार, नैतिकता आदि से विज्ञान और प्रौद्योगिकी का कोई सरोकार नहीं। सरोकार है तो बस अधिकतम दोहन, अधिकतम आर्थिक वृद्धि, अधिकतम प्रदूषण से।

विज्ञान के वे पहलू मानव सभ्यता में समावेशित होने चाहिए, जो कल्पनाओं को पंख देने में सहायक हैं, जो एक गहरे और सकारात्मक जीवन–दर्शन के साथ गुंथे हुए हैं। विज्ञान और प्रौद्योगिकी का वह स्वरूप स्वीकार्य है, जो हमें ब्रह्मांड की गुत्थियों को सुलझाने में सहायता करे, दूसरे ग्रहों पर जीवन का प्रादुर्भाव कर सके। जब तक विज्ञान हमारे धर्म–दर्शन का अभिन्न अंग था, उसका स्वरूप प्रकृति संवर्धन और मानव कल्याण वाला ही था। जब से विज्ञान को आर्थिकी की पीठ पर बैठा दिया गया, इसका उद्देश्य प्रकृति दोहन पर आधारित आर्थिक वृद्धि तक सीमित रह गया, और सामाजिक–आर्थिक विषमताओं से लेकर अंतरराष्ट्रीय तनावों और प्रचंड युद्धों तक इसकी बढ़–चढ़कर भूमिका रही। अगर विज्ञान का काम मानव की सेवा करना था, मानव कल्पनाओं को पोषित करना था, कला और दर्शन को समृद्ध करना था, तो वह जीवन–विनाशक कैसे हो गया?

प्रश्न यह है कि हमारी वर्तमान सभ्यता की प्रसन्नता का स्तर कितना ऊंचा है। किसी व्यक्ति, समूह, समाज, राष्ट्र और सभ्यता की उत्कृष्टतम उपलब्धि क्या है? यदि विज्ञान और प्रौद्योगिकी ही सर्वोत्तम उपलब्धि के मानक होते, तो यह दुनिया खुशहाली के चरम पर होती। भूख, प्यास, कुपोषण, महामारियों, युद्धों, आतंकवाद और ईर्ष्या–द्वेष–वैमनस्य के साये में मर–खप रही दुनिया में कहीं भी आनंद की कोई लहर दिखाई पड़ती है? भविष्य की कोख में बंजरता के बीज हैं!

यदि कोई सभ्यता सही दर्शन को विकसित नहीं करती, उसका अनुसरण नहीं करती और उसको विस्तार नहीं देती, तो वह अपनी खुशियों को अक्षुण्ण नहीं रख सकती। ऐसी सभ्यता क्षुद्र लक्ष्यों को प्राप्त करने का सहारा लेती है तथा अपनी गहनता के साथ अस्तित्व में नहीं रहती। यदि कोई सभ्यता ऐसे दर्शन का अनुसरण करती है, जो जीवंत सामाजिक–सांस्कृतिक संस्थानों, ज्ञान, आध्यात्मिकता, रचनात्मकता, सौंदर्य, और स्वतंत्रता में योगदान दे, तो यह निश्चित है कि वह निरंतर और अंतहीन रूप से जीवनदायिनी सुखों और खुशियों के बीच खिलती रहेगी।

जीवट भरी सभ्यता वही होती है, जो प्रफुल्लताओं से ओतप्रोत वातावरण में फूलती–फलती है। भारतीय सनातन सभ्यता के सहस्राब्दियों से अनवरत अपनी आभा फैलाने के पीछे सबसे बड़ा कारण यही है कि हमने जिस गहरे ज्ञान की सर्जना की है, वह स्वयं में आंनद का अकूत स्रोत है। आए दिन पर्व मनाना, पौधों और जंतुओं से लेकर मिट्टी, पर्वत, नदियों और सूर्य के प्रति पवित्रता के भाव और जीवन का जयकारा करने वाले सनातन धर्म की नींव पर अटल खड़ा और दुनिया को ज्ञान मंत्र देने वाला भारत स्वयं में पृथ्वी और ब्रह्मांड की सबसे अद्भुत, प्रेरणा–भरी और जीवटता का संचार करने वाली गौरव गाथा है।

यदि विज्ञान प्रकृति–विनाशक रूप में रहा होता, तो भारतीय सभ्यता का भी वही हाल हुआ होता, जो अन्य सभी विलुप्त सभ्यताओं का हुआ है। लेकिन अर्थाधारित कालखंड के इस मोड़ पर कोई एक सभ्यता एकल रूप में नहीं खिल सकती। सब एक–दूसरे पर किसी न किसी रूप में निर्भर हैं। फिर भी दुनिया की प्राचीनतम भारतीय सभ्यता विश्व की समकालीन उभयनिष्ठ सभ्यता को वे सभी जीवन–मूल्य और सनातन दर्शन दे सकती है, जो आशाओं, हरीतिमा और सर्जना–सजग आनंद से भरे भविष्यों का निर्माण करने में सक्षम हैं।

ये लेखक के अपनें विचार हैं।

संत श्रीपाल आध्यात्मिक मूल्यों एवं मानवता की भलाई के प्रतीक थे : आचार्य अशोक

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : शिव सत्संग मण्डल के हुसैनापुर धौकल आश्रम पर हुए आत्मस्वरूपस्थ संत श्रीपाल जी महाराज एवं ब्रह्मलीन संत श्री कृष्ण कन्हैया की जयंती पर आयोजित शिवोत्सव में उपस्थित शिक्षाविदों ,विद्वानों ,साधकों ने आह्वान किया कि वे अपने अंदर आध्यात्मिक गुणों को विकसित कर स्वयं का जीवन आदर्शमयी बनाते हुए , जनजीवन में नैतिक मूल्यों और आध्यात्मिक संस्कृति की स्थापना करें। इस अवसर पर मंडलाध्यक्ष आचार्य अशोक ने कहा कि शिव सत्संग मण्डल आश्रम के संस्थापक आत्मस्वरूपस्थ संत श्रीपाल जी महाराज आध्यात्मिक मूल्यों एवं मानवता की भलाई के प्रतीक थे।उनका व्यक्तित्व असंख्य भक्तों के लिए प्रेरणास्रोत बना हुआ है।इस सच्चाई को गर्व से स्वीकार करना होगा।संत श्री ने मण्डल को एक पाठशाला की तरह बनाकर ज्ञानमार्ग की ओर ले जाने का सद्प्रयास किया।उनके पुण्य स्मरण से ही ह्रदय में भक्ति की धारा प्रवाहित होने लगती है। लखनऊ के अध्यक्ष राजेश पाण्डेय ने कहा कि संत कृष्ण कन्हैया सत्यं शिवं सुंदरम् के प्रतीक थे। यही कारण है कि उनके विचारों में केवल सत्य का उद्भास था।जिसके कारण शिवत्व का अवतरण भी उनमें सहजतः हो गया है। उनके विचारों की सार्वभौमिकता का सबसे बड़ा कारण है कि वे गहरे विचारक होते हुए भी किसी विचार से बंधे हुए नहीं थे। उनके विचार इतने प्रभावपूर्ण होते थे कि अनायास ही अंतर में झांकने को विवश कर देते हैं। लखीमपुर के जिलाध्यक्ष जमुना प्रसाद ने कहा कि संत श्रीपाल जी महाराज की उपस्थिति मात्र से परिवार में एक अलग प्रकार की खुशी रहती थी।उनके अथक प्रयासों से ही शिव सत्संग मण्डल पुष्पित और पल्लवित हुआ। शिव सत्संग मण्डल के आश्रम पर आने से अत्यंत शांति और आनंद की अनुभूति होती है। व्यवस्था प्रमुख यमुना प्रसाद ने कहा कि भारत ऋषि और कृषि प्रधान देश है।भारतीय संस्कृति एवं आध्यात्मिक मूल्यों पर आधारित होकर ही समग्र जीवन का कल्याण संभव है।कहा कि सकारात्मक व रचनात्मक समाज के निर्माण में शिव सत्संग मण्डल का अद्वितीय योगदान है। शाहजहाँपुर की बहिन सुदामा देवी ने कहा कि लोगों को

अध्यात्म की धारा से जोड़कर ही ,समाज में फैल रही विषमताओं एवं विशंगतियों को काम किया जा सकता है। मण्डल के राष्ट्रीय महामंत्री त्रिपुरेश पांडेय ने कहा कि धर्म अध्यात्म के क्षेत्र में एक ऐसी मुहिम की आवश्यकता है ,जिससे लोग धर्म अध्यात्म से जुड़ें।उन्होंने दान व सेवा के महत्व को रेखांकित किया। योग प्रशिक्षक डॉक्टर संदीप चौरसिया ने आत्मपथ पर चलने की प्रेरणा देते हुए कहा परमपिता शिव के ध्यान एवं भजन से ही जीवन उन्नतिशील हो सकता है। इसके अलावा शाहजहांपुर के जिलाध्यक्ष डॉक्टर कालिका प्रसाद,महामंत्री रजनीश कुमार सक्सेना,नन्हेलाल, मोहित,हरदोई के जिला महामंत्री रवि लाल,प्रेम भाई आदि ने बताया कि शिव ही परम तत्व हैं। शिव ही त्रिगुणात्मक सत्ता को धारण कर सृष्टि को चेतना प्रदान करते हैं। भोलेनाथ की शरण में ही जीव का परम कल्याण होता है। शिव शब्द का अर्थ कल्याण एवं संतुलन है। शिव ही सृष्टि के आदि और अनंत हैं। शिव ही चराचर में आत्मतत्व रूप मौजूद हैं। शिव ही मुक्ति का परमधाम है। कार्यक्रम का शुभारम्भ मंडल के राष्ट्रीय महामंत्री त्रिपुरेश पांडेय ने दीप प्रज्ज्वलित कर, श्रीकृष्ण सत्संगी ने सामूहिक ईश प्रार्थना से कियाभजनोपदेशक राम चन्द्र,श्री कृष्ण,योग प्रशिक्षक सत्यम सक्सेना,राज कुमार,भैया लाल,रोहित कुमार वर्मा, बहिन प्रतिभा एवं पूजा देवी ने प्रेरणादायी भजन सुनकर श्रद्धालुओं को मंत्र मुग्ध कर लिया।आश्रम पर हुए भंडारा में आस पास के ग्रामीण अंचल की सैकड़ों कन्याओं एवं सत्संगी जनों ने भंडारे में सहभागिता करते हुए प्रसाद ग्रहण किया।इस जयंती उत्सव की अध्यक्षता सत्संगी हरिओम ने की।मंडल के संयोजक अम्बरीष कुमार सक्सेना ने सभी अभ्यागतों का आभार व्यक्त करते हुए लोकहित में सत्संग करने पर बल दिया।समापन पर सभी ने रोजाना ब्रह्म मुहूर्त में उठकर प्रभु का सुमिरन करने का शिव संकल्प लिया।मोहित राजपूत एवं अम्बरीष कुमार सक्सेना के संयुक्त संचालन में हुए इस धार्मिक कार्यक्रम में प्रचार प्रमुखाः महावीर सिंह,स्वामी शांतानंद,राम लखन, अल्ट्रा टेक सीमेंट कंपनी के विवेक श्रीवास्तव,देव सिंह,चेतराम,स्वामी दयाल,पंकज सिंह सहित बड़ी संख्या में सत्संगी बंधु बहिनें मौजूद रहे।

सांसद मेनका गांधी की पहल पर पुलिस प्रशिक्षण केंद्र पर चलेगा वृहद पौधरोपण अभियान

सुलतानपुर ब्यूरो आलोक श्रीवास्तव : वन महोत्सव को सफल बनाने के लिए सांसद मेनका गांधी के नेतृत्व में पुलिस प्रशिक्षण केंद्र अमहट पर वृहद पौधरोपण अभियान की तैयारी की गई है । मंगलवार को सुबह 10:00 बजे सांसद मेनका गांधी के हाथों पौधरोपण अभियान की शुरुआत की जाएगी। छायादार समेत विभिन्न वैरायटी के 2000 पौधों को लगाने का लक्ष्य रखा गया है। सांसद प्रतिनिधि रंजीत कुमार ने सम्मानित नागरिकों से पौधारोपण अभियान में सहयोग करने का आह्वान किया है। डीएफओ आनंदकेश्वर प्रसाद ने बताया कि सभी सम्मानित विधायकों को भी

कार्यक्रम में आमंत्रित किया गया है। पुलिस अधीक्षक सोमेन वर्मा और जिलाधिकारी रवीश गुप्ता को भी आमंत्रित किया गया है।

देश भारती पब्लिक इण्टर कॉलेज में मेधावी छात्र एवं छात्राएं किए गए सम्मानित

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। देश भारती पब्लिक इण्टर कॉलेज आनंद विहार राजाजीपुरम लखनऊ में इण्टरमीडिएट परीक्षा में 6वां स्थान प्राप्त करने वाले अंकित कुमार एवं इंटरमीडिएट और हाईस्कूल परीक्षा–2022 में सम्मान सहित उत्तीर्ण होने वाले 232 छात्रदृछात्राओं और उनके अभिभावकों को सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि मेजर जनरल एन0 एस0 राजपुरोहित,विशिष्ट अतिथि कैप्टन एस0के0 द्विवेदी(पूर्व ौ), सी0पी0 तिवारी (पूर्व ौ) एवं अति विशिष्ट अतिथि श्री योगेश शुक्ला (विधायक बी0के0टी0) ने भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। मेजर जनरल एस0एन0राजपुरोहित के सम्मान में बच्चों ने एवं उपस्थित सैकड़ों अभिभावकों ने वन्दे मातरम के जयकारे लगाये।मेजर जनरल एस0एन0राजपुरोहित जी ने कहा कि इण्टर के बाद बच्चे सेना में अग्निवीर बन सकते है रजिस्ट्रेशन खुले हैं युवाओं को देश की रक्षा में आगे बढ़ कर सेना में अपनी सेवाएं देनी चाहिए। राष्ट्रीय कवि एवं संस्था के प्रबन्धक वेद व्रत वाजपेयी ने अपनी देशभक्ति पूर्ण कविताओं की मुख्य पंक्तियां पढ़कर मेजर जनरल एस0एन0राजपुरोहित का अभिनन्दन किया। सम्मानित अतिथियों ने छात्र छात्राओं का माल्यार्पण कर एवं मेडल प्रदान कर सम्मानित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था की अध्यक्षा श्रीमती साधना वाजपई ने की।कार्यक्रम में राष्ट्रीय कवि एवं संस्था के प्रबंधक वेद व्रत वाजपेयी,संस्था के उपप्रबंधक एवं कवि मनु व्रत वाजपेयी,जय व्रत वाजपेयी,रेखा मिश्रा,सुशीला परिहार,संतोष सिंह,ओ०पी० चतुर्वेदी,रामपाल शर्मा,प्रतिमा मिश्रा,राजू मिश्रा, आलोक तिवारी,अतुल

सिंह,शिव प्रताप मिश्रा,राजकिशोर अवस्थी, दीपू यादव,संजय श्रीवास्तव आदि गणमान्य जन एवं अभिभावक उपस्थित रहे। इस अवसर पर संस्था के प्रधानाचार्य सुशील कुमार मिश्र का संस्था के प्रबन्धक एवं राष्ट्रीय कवि वेद व्रत वाजपेयी ने अभिनन्दन किया। अंत में आए हुए अतिथियों , अभिभावकों और बच्चों का संस्था की इंचार्ज रेखा मिश्रा ने मिष्ठान वितरित कर आभार व्यक्त किया।

गैंगेस्टर का आरोपी तमंचे के साथ गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : खेतासराय पुलिस ने रविवार की रात गैंगेस्टर एक्ट में फरार चल रहे आरोपी को एक अवैध तमंचे के साथ गिरफ्तार कर लिया । थानाध्यक्ष यजुवेंद्र कुमार सिंह ने बताया वे रात्रि गश्त पर थे तभी मुखबिर द्वारा एक संदिग्ध व्यक्ति आने की सूचना प्राप्त हुई । सूचना पर क्षेत्र के गोरारी मोड़ के पास फिरोज निवासी लेदरही को रोका गया तो तलाशी के दौरान उसके पास एक अवैध तमंचा व एक कारतूस बरामद हुआ । आरोपी फिरोज गैंगेस्टर एक्ट के मुकदमे में वांछित चल रहा था । फिरोज के ऊपर आर्म्स एक्ट में मुकदमा दर्ज कर विधिक कारवाई की जा रही है।

सीएम से शिकायत के बाद भी तहसील सोहावल में नही सुधर रहे है भ्रष्टाचार मे लिप्त राजस्व अधिकारी

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) अयोध्या जिले के दौरे पर 3 सप्ताह पूर्व आए डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य से सोहावल तहसील में भ्रष्टाचार में लिप्त तहसीलदार पवन कुमार गुप्ता एवं उनके सहयोगियों की शिकायत हुई थी शिकायत के कुछ दिन बाद यहीं पर तैनात कानूनगो को रंगे हाथ घूस लेते हुए एंटी करप्शन ने पकड़ कर जेल भेज दिया था और भ्रष्टाचार का जीता जागता उदाहरण तहसील समाधान दिवस ने जिले के मुखिया स्वयं जिलाधिकारी के मौजूद रहने पर इन भ्रष्टाचार में लिप्त अधिकारियों ने अपनी पोल खुलने की दर से बिना पैसा दिए दाखिल खारिज वादों सहित अन्य कार्यों का निस्तारण ना होने की शिकायत को तहसील काउंटर पर बैठे लेखपालों ने नहीं होने दिया और वहीं से कई शिकायत कर्ताओं को बैरन वापस कर दिए इसकी शिकायत मीडिया से होने पर मीडिया कर्मियों के साथ भी बदसलूकी की गई इस तरह से तहसील की अधिकारियों की कार्यप्रणाली में जरा भी सुधार नहीं हो रहा और शिकायतों का संज्ञान लेकर उनके खिलाफ कार्रवाई न होने से रिन भ्रष्टाचार में लिप्त अधिकारियों का मन काफी बढ़ गया है और वह बिना घूस लिए जनता का कार्य नहीं कर रहे हैं। जिसका जीता जागता उदाहरण सुहावल तहसील के सम्पूर्ण समाधान तहसील दिवस में शिकायत लेकर आये पीड़तों को शिकायत करने से मना करने से स्वयं प्रमाणित हो जा रहा है और इसकी खबर मिलने पर खबर का संकलन करने गए पत्रकार गौरव मिश्रा व राम सुरेश सिंह ष्बाबाष के साथ लेखपाल द्वार अभद्रता करने के मामले को लेकर सोहावल तहसील क्षेत्र के पत्रकार साथियों की एक बैठक आहूत की गयी।बैठक में लेखपाल द्वारा अभद्रता करने की निंदा किया गया और उप जिलाधिकारी से मिलकर ज्ञापन देने का निर्णय लिया गया।ज्ञापन में आरोपी लेखपाल पर कार्यवाही करने की माँग किया जाना शामिल है।आरोप है कि अरथर मजरे गौरीशंकर पुरवा निवासी एक महिला कृष्ण वती को लेखपाल चन्द्रभान ने शिकायत करने से मना किया इसके बाद भी वह दूसरी तरफ से जाकर किसी तरह अपनी शिकायत दर्ज कराई तो इसे जान कर लेखपाल आग बबूला हो गया और पीड़ित महिला को फटकार लगाने लगा इस पर मौजूद पत्रकार गौरव मिश्रा ने उसका वीडियो बनाने का प्रयास तो लेखपाल ने पत्रकार से अभद्रता किया और देख लेने की धमकी तक दिया।वही दूसरी घटना राम सुरेश सिंह बाबा के साथ हुई जिसमें पिरखौली मजरे सौरी निवासी कासिम अली बैनामे की खारिज दाखिल नही होने की शिकायत करने जा रहे थे तो उनका शिकायती पत्र लेकर स्वंय मामले का निस्तारण करने की बात कही और शिकायत नही करने जाने का दबाव बनाया तीसरी घटना मजनावा का रहा सूर्यभान सिंह बैनामे की खारिज दाखिल की शिकायत की रजिस्ट्रेशन पर्ची नही काट कर स्वयं मामले का निस्तारण करने को कहा तो मौजूद पत्रकार राम सुरेश सिंह ने पर्ची काट कर शिकायत करने जाने की बात कही तो लेखपाल आग बबूला हो गया और पत्रकार से हाथापाई पर उतर आया जिस मौजूद पुलिस कर्मियों ने बीच बचाव कराया जिस का वीडियो वायरल हुआ है।

हाम्रो स्वाभिमान ट्रस्ट 10 जुलाई को नेपाली साहित्य–2022 के राष्ट्रीय पुरस्कार की करेगा घोषणा

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। हाम्रो स्वाभिमान ट्रस्ट 2012 ने राष्ट्रीय स्तर पर अपनी स्थापना के बाद से नेपाली भाषा, साहित्य, संस्कृति और परंपराओं की रक्षा और प्रचार कर रहा है। नेपाली साहित्य के विकास को विशेष महत्व देते हुए 2021 से राष्ट्रीय पुरस्कार दे रहा है। ट्रस्ट वर्ष 2022 के लिए राष्ट्रीय पुरस्कारों की घोषणा 10 जुलाई 2022 को करेगा। इसकी घोषणा महान कवि भानुभक्त आचार्य की 208वीं जयंती के शुभ अवसर पर की जाएगी। हाम्रो स्वाभिमान ट्रस्ट के सेटलर ट्रस्टी, श्री प्रेम क्षेत्री, अधिवक्ता के अनुसार, राष्ट्रीय पुरस्कार का उद्देश्य उन रचनाकारों और भाषाविदों को सम्मानित करना है जिन्होंने जीवनभर नेपाली भाषा और साहित्य की ईमानदारी से सेवा की है। ट्रस्ट ने राष्ट्रीय पुरस्कार के चयन के लिए श्पांच सदस्यीय चयन समितिश का गठन किया है। समिति निर्धारित मापदंड के अनुसार निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से चयन प्रक्रिया का संचालन कर रही है। चयन समिति नेपाली भाषा और साहित्य के लिए किए गए उत्कृष्ट योगदान की सराहना करती है और इसका उद्देश्य उन लेखकों को पहचानना है जो विभिन्न कारणों से छिपे हुए हैं। तदनुसार विजेताओं के चयन को प्राथमिकता दी जाती है। विजेताओं को पुरस्कार के रूप में अंगवस्त्र, स्मृति चिन्ह, प्रमाण पत्र और मानदेय से सम्मानित किया जाएगा । श्री प्रेम क्षेत्री जी ने पुरस्कार के वर्गीकरण के बारे में बताते हुए बताया कि इस

वर्ष साहित्य में चार प्रकार के राष्ट्रीय पुरस्कार दिए जाएंगे। पहला, श्नेपाली साहित्य सम्मानश। यह पुरस्कार उस व्यक्ति को दिया जाएगा जो जीवन भर भाषा और साहित्य के प्रचार–प्रसार के लिए काम करता रहा है। दूसरा– श्नेपाली साहित्य पुरस्कार–पद्यश । यह पुरस्कार एक रचनात्मक लेखक को दिया जाता है जिसने नेपाली साहित्य की शैली में एक बहुत ही विशेष कार्य और सेवा प्रदान की है। तीसरा – श्नेपाली साहित्य पुरस्कार–गद्यश। यह पुरस्कार उस रचनाकार को दिया जाएगा जिसने नेपाली साहित्य के गद्य के क्षेत्र में अद्वितीय कार्य और सेवाएं देकर नेपाली साहित्य को समृद्ध किया है और चौथा पुरस्कार पत्रकारिता और सामाजिक क्षेत्र में विशेष योगदान देने वाले पत्रकार को दिया जाएगा। श्री क्षेत्री जी ने आगे बताया कि हरितालिका तीज के विशेष अवसर पर 30 अगस्त 2022 को तालकटोरा स्टेडियम, नई दिल्ली में होने वाले भव्य समारोह में विजेताओं को सम्मानित किया जाएगा।

सिंगल यूज प्लास्टिक मुक्त हरदोई बनाने का बच्चों ने लिया संकल्प : बच्चे नहीं करेंगे सिंगल यूज प्लास्टिक

हरदोई(अम्बरीष कुमार सक्सेना) मिशन प्लास्टिक मुक्त हरदोई हमारा, सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग नहीं करेंगे, अपने जनपद हरदोई को प्लास्टिक मुक्त बनाएंगे, श्री डाल सिंह मेमोरियल स्कूल के बच्चों का एक ही नारा प्लास्टिक मुक्त त्योहार हमारा। सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग ना करने के लिए चलाए जा रहे जागरूकता अभियान के तहत आज श्री डाल सिंह मेमोरियल स्कूल में शिक्षकों व बच्चों ने शपथ लेते हुए सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग न करने की शपथ ली। बच्चे बोले शासन द्वारा सिंगल यूज प्लास्टिक के एकत्रीकरण ,पुनर्चक्रण तथा उसके प्रतिबंधों को प्रभावी तरीके से लागू कराए जाने वाले प्रतिबंध को हम सबको स्वयं प्रभावी तरीके से लागू करना होगा तभी पर्यावरण का पूर्ण रूप से संरक्षण हो सकेगा। इस मौके पर विद्यालय प्रबंधक

अखिलेश सिंह उप प्रबंधक मुकेश सिंह ,प्रधानाचार्य लक्ष्मी देवी, भूमिका सिंह के अलावा शिक्षिका वीना गुप्ता, विनीता शुक्ला, अर्पिता सिंह पूजा सिंह, मनसा बाजपेई ,आरती वर्मा ,नजरीन बानो, आरती मिश्रा ,शशिबाला ,मीनाक्षी यादव ,शिवानी यादव ,कविता गुप्ता, प्रिया सिंह, पूजा मिश्रा, प्राची सिंह तोमर ,नैंसी गुप्ता ,दिव्या सिंह ,अशोक गुप्ता, राम प्रकाश पांडे, संजय गुप्ता सहित बड़ी संख्या में छात्र–छात्राओं ने शपथ ली।

वादे के विपरीत लाइन कटौती रोकने में असमर्थ सरकार व बिजली विभाग

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) 33 केबीए लाइन व सबस्टेशन के बीच लाइट कटने संबंधित मानो करार सा हो, या तो लाइन की खराबी विद्युत घरों से संबंधित बताई जाती है या फिर काफी देर तक सवाल जबाब न हो, के लिए 33 केबीए दर्शनगर से फाल्ट बताई जाती है, असल मुद्दा क्या है किसी आम आदमी को नही पता होता, अधिकारियों को तो और नही। यही हाल आज फिर कौशलपुरी फीडर से विद्युत सप्लाई का रहा जहां पिछले 3 घंटो से विद्युत सप्लाई बाधित हैं वहीं विभाग के एक अधिकारी को फोन करने पर पता चला 33 केबीए लाइन में फाल्ट की वजह से नाका पर काम चल रहा है, अगर एक ही फाल्ट यही होगी तो कम से कम डेढ़ घंटे में सप्लाई मुहैया होगी, अन्यथा कुछ भी समय लग सकता है। अब बताओ इसमें क्या करेगी सरकार, क्या करेंगें रामभरोसे जनप्रतिनिधि ?

नगर के लोहिया पार्क में जिला प्रशासन एवं नगर पालिका परिषद की ओर से आयोजित पॉलिथीन बैन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन संपन्न

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : मंत्री गिरीश यादव ने दिलाई शपथ नगर के लोहिया पार्क में जिला प्रशासन एवं नगर पालिका परिषद की ओर से आयोजित पॉलिथीन बैन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन हुआ कार्यक्रम की शुरुआत में मुख्य अतिथि राज्य मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार गिरीश चंद्र यादव यादव नगर पालिका परिषद अध्यक्ष माया टंडन भू राजस्व अधिकारी रजनीश राय अधिशासी अधिकारी संतोष कुमार मिश्रा कायस्थ कल्याण समिति के उपाध्यक्ष शरण श्रीवास्तव ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया दीपक पाठक देव द्वारा देशभक्ति गीत प्रस्तुत किया गया सलमान शेख फ्रेंड ग्रुप द्वारा पॉलिथीन जागरूकता नुक्कड़ नाटक किया गया मुख्य अतिथि गिरीश यादव ने अपने उद्बोधन में आम जनमानस से यही अपील की सिंगल यूज प्लास्टिक का इस्तेमाल ना करें और नगर को साफ सुथरा बनाने में अपना सहयोग दें मुख्य अतिथि के द्वारा सर्वश्रेष्ठ कार्य करने वाले सफाई कर्मियों का सम्मान भी हुआ मुख्य अतिथि गिरीश चंद्र यादव माया टंडन सहित गणमान्य लोगों ने सड़क

पर भी पॉलिथीन उठा कर जागरूकता का संदेश दिया स्वागत भाषण अध्यक्ष माया टंडन द्वारा किया गया आभार अधिशासी अधिकारी संतोष मिश्रा द्वारा किया गया कार्यक्रम का संचालन सलमान शेख ने किया इस अवसर पर डॉ अंजना सिंह कायस्थ कल्याण समिति के प्रदीप अस्थाना प्रदीप श्रीवास्तव सभासद दल नेता नंद लाल यादव सरस गौड़ महासचिव गौरव श्रीवास्तव संगत संगत कायस्थ कल्याण समिति राजेश श्रीवास्तव बच्चा भैया उपाध्यक्ष दीपक श्रीवास्तव मधुकर तिवारी लायंस क्लब क्षितिज के अध्यक्ष विष्णु सहाय और उनकी टीम डीपीएम अमित यादव एसबीएम खुशबू यादव हरिश्चंद्र यादव अनिल यादव मनोज यादव सहित सामाजिक संस्थाएं कर्मचारी गण अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

26 नए बीएड महाविद्यालय संबद्धता के मामले में संदिग्ध : संबद्धता मामले में विश्वविद्यालय प्रशासन के तेवर सख्त

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय से संबद्ध बीएड महाविद्यालय की संबद्धता के संबंध में दिए गए प्रस्ताव में लगातार विसंगतियां मिलने पर विश्वविद्यालय प्रशासन ने सख्त रवैया अपनाया है। ऐसे महाविद्यालयों के खिलाफ विसंगतियां मिली तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी। विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर निर्मला एस. मौर्य ने इस संबंध में सेवानिवृत्त न्यायाधीश की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय समिति का गठन किया है। समिति की रिपोर्ट को कार्य परिषद से पास करा कर जो भी निर्णय होगा लिया जाएगा। इस संबंध में कुलसचिव महेंद्र कुमार ने जारी आदेश में कहा है कि 26 नए बीएड महाविद्यालय ने अस्थाई संबद्धता के लिए शपथ पत्र के साथ प्रस्ताव प्रस्तुत किया था। महाविद्यालय के प्रबंधकों द्वारा यह भी शपथ पत्र दिया गया था कि एनसीटीई के सत्यापन में अगर उन्हें गलत पाया गया तो उनका प्रस्ताव निरस्त किया जा सकता है। परीक्षण के बाद 20 महाविद्यालयों में विसंगतियां और संदिग्धता पाई गई है जो संदेह के घेरे में हैं। इस कारण ऐसे महाविद्यालयों को संबद्धता देने के मामलों में विश्वविद्यालय का निर्णय लेना संभव नहीं है। इस कारण कुलपति के निर्देश पर तीन सदस्यीय समिति बनाई गई है। इस तरह की विसंगतियां अन्य बीएड महाविद्यालय में भी हो सकती है उनके खिलाफ भी प्रस्ताव निरस्त करने की कार्यवाही की जा सकती है।

स्मृतिशेष पंडित राजबली शुक्ल की तेरहवीं भक्तिमय कार्यक्रम के साथ सम्पन्न

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : बिहार के रोहतास जिले में बक्सर रोड पर करगहर प्रखंड में स्थित शुक्लपुरा ग्राम के स्वनामधन्य पं राजबली शुक्ल का स्वर्गवास मुक्तिधाम काशी में दिनांक –20–06–22,(सोमवार) को प्रातः दो बजे हो गया था। जिनका त्रयोदशाह 02 जुलाई को सकुशल संपन्न हुआ। सामाजिक सोच एवं दानशीलता में अग्रणी भूमिका निभाने वाले सोंच–विचार के धनी पं शुक्ल जी की तेरहवीं में गणमान्यजनों से सामान्यजनों के साथ साथ टी सिरीज से जुड़े बिहार के नामी–गिरामी भोजपुरी गायकों ने अपनी भक्तिमय निर्गुण संगीत की सुन्दर प्रस्तुति से पुरे कार्यक्रम को भक्तिमय बनाकर भावविभोर कर दिया। LO- शुक्ल ने अपने पिछे पत्नी(कमला कुंवर) पांच पुत्र (डॉ अखिलेश्वर शुक्ला, कामेश्वर शुक्ला, नागेश्वर शुक्ला, मिथिलेश्वर शुक्ला, अरविंद शुक्ला) एक पुत्री (कुमकुम देवी) सहित 37 सदस्यों घ्का भरा–पुरा परिवार छोड़ गए हैं। जिसका प्रभाव तेरहवीं कार्यक्रम में स्पष्ट रूप से दिख रहा था। छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, बिहार के साथ साथ उत्तर प्रदेश तेरहवीं में भाग लेने वालों की उपस्थिति ने गतात्मा की शांति की कामना के साथ पुष्पांजलि अर्पित किया। पूर्वांचल विश्वविद्यालय सहित उत्तर प्रदेश से आए मेहमानों का स्वागत करते प्रथम पुत्र डॉ अखिलेश्वर

शुक्ला दिख रहे थे, वहीं जिले के अधिकांश कार्यक्रमों में हिस्सा लेने वाले पांचवें पुत्र अरविंद शुक्ला सहित परिवार के सभी सदस्यों ने आगंतुकों के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम सकुशल संपन्न हुआ।

खेल एवं युवा कल्याण राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार गिरीश चंद यादव ने जन आरोग्य मेला का फीता काटकर किया शुभारंभ

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : खेल एवं युवा कल्याण राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार गिरीश चंद यादव जी ने आज अपने विधानसभा के ग्राम रामपुर जमीन हिसामपुर स्वास्थ्य केंद्र पर जन आरोग्य मेला का फीता काटकर शुभारंभ किया। राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार गिरीश चंद यादव जी का मुख्य चिकित्सा अधिकारी श्रीमती लक्ष्मी सिंह पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया। मेले में आई हुई गर्भवती महिलाओं गोद भराई की रस्म की गई गोद भराई में उनको समुचित आहार का एक पैकेट राज्य मंत्री द्वारा दिया गया मुख्य चिकित्सा अधिकारी श्रीमती लक्ष्मी सिंह द्वारा गर्भवती महिलाओं को माल्यार्पण कर स्वागत किया गया आरोग्य मेले में राज्य मंत्री द्वारा आयुष्मान कार्ड भी बांटा गया आरोग्य मेले में आए हुए ग्राम वासियों को संबोधित करते हुए राज्य मंत्री ने कहा कि कि हर रविवार को उत्तर प्रदेश की सरकार हर ब्लॉक में सीएससी पर जन आरोग्य मेरा लगाती है जिसमें सभी प्रकार के दवाइयां निशुल्क वितरित की जाएंगी आंखों की जांच होगी और सभी प्रकार की जांच मरीजों की की जाएगी इसके लिए किसी प्रकार का कोई शुल्क नहीं लगेगा गरीब से गरीब आदमी भी अपना सभी प्रकार का इलाज करा

सकता है उनको पूरी सुविधा दी जाएगी। राज मंत्री ने मेले में उपस्थित स्वास्थ्य अधिकारियों को इस बात का निर्देश दिया कि इस आरोग्य आरोग्य मेले की जानकारी अगल–बगल के आसपास के सभी गांव में दें जिससे वहां के लोग लाभान्वित हो सके और अपना इलाज व जांच भी करा सके। राजमंत्री स्वतंत्र प्रभार आरोग्य मेले मैं सभी स्टाल पर जाकर व्यवस्था की जानकारी ली और ग्रामीण वासियों से मिलकर जानकारी ली किसी प्रकार कोई समस्या हो तो हमको अवगत कराएं। आरोप मेले में प्रमुख रूप से मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ श्रीमती लक्ष्मी सिंह, डॉ मनोज, सीडीपीओ, राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार के मीडिया प्रभारी मनीष श्रीवास्तव, संजय पाठक ,अतुल पांडे, सचिन पांडे और स्वास्थ्य कर्मचारी गण उपस्थित रहे। आरोग्य मुलाकात संचालन स्वास्थ्य कर्मी गौरव श्रीवास्तव ने किया।

कुल्हनामऊ गांव के समीप राष्ट्रीय राज्यमार्ग पर बोलेरो के धक्के से पत्नी की मौत : पति घायल

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : कुल्हनामऊ गांव के समीप राष्ट्रीय राज्यमार्ग पर बोलेरो की जोरदार टक्कर से पत्नी की मौत हो गई जबकि पति गम्भीर रूप से घायल हो गया। दुर्घटना के बाद बोलेरो चालक वाहन सहित फरार हो गया। सरायख्वाजा थाना क्षेत्र के नदियापारे गांव निवासी 50 वर्षीय सत्यप्रकाश सिंह अपनी पत्नी 48 वर्षीय निर्मला सिंह के साथ सोमवार को बाइक से जौनपुर गए थे। करीब साढ़े बारह बजे वापस लौटते समय कुल्हनामऊ पेट्रोल पंप के पास पेट्रोल भरवाकर जैसे ही पुनः हाइवे पर चलना शुरू किए पीछे से लखनऊ की तरफ जा रही तेजगति से बोलेरो चालक ने जोरदार धक्का मारकर भागने में सफल हो गई। टक्कर से घटनास्थल पर निर्मला की मौत हो गई जबकि सत्यप्रकाश को जिला अस्पताल भेज दिया गया। सूचना पर पहुँची पुलिस आवश्यक कार्यवाही में जुट गई है।

ज्ञान स्थली इंटर कॉलेज में पुरस्कार वितरण संपन्न

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : छात्रों को शिक्षा के साथ संस्कार का पाठ भी पढाएं। बच्चे राष्ट्र के भविष्य है जो इनको दिया जाएगा आगे वही से राष्ट्र को देंगे। यह जिम्मेदारी न सिर्फ अध्यापकों की बल्कि अभिभावक और समाज की भी है कि छात्रों को संस्कारित करें। उक्त बातें मुंगरा बादशाहपुर के विधायक पंकज पटेल ने शुक्रवार को शाम ज्ञान स्थली इंटर कॉलेज सुजानगंज में टॉपर छात्रों को पुरस्कार वितरण करते हुए कहा। उन्होंने कहा कि छात्रों को शिक्षा को लेकर एक दूसरे में आगे बढ़ने की होड़ होनी चाहिए। कार्यक्रम को विद्यापति द्विवेदी, डा वारिस, राम अकबाल यादव समेत अन्य ने भी संबोधित किया। विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को साइकिल एवं चेक वितरण किया गया। दूसरा और तीसरा स्थान प्राप्त करने वाले को भी पुरस्कृत किया गया। दीक्षा यादव, राशि जायसवाल, साक्षी पांडेय, श्रेया उपाध्याय समेत अन्य छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। संस्थापक संतोष द्विवेदी ने आगंतुकों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस विद्यालय के छात्र न सिर्फ जनपद बल्कि प्रदेश में अपना स्थान प्राप्त करेंगे ऐसा हमारा लक्ष्य है। दिनेश मिश्र मुन्ना, दयाशंकर मिश्र, राम अवध विश्वकर्मा, योगेंद्र दुबे समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

सोशल मीडिया पर असलहा लहराते पोस्ट डालने पर मडियाहूं पुलिस ने छः को किया गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के सरौना गांव के युवकों द्वारा विभिन्न सोशल मीडिया पर असलहा लहराते पोस्ट डालने पर मडियाहूं पुलिस की टीम ने शनिवार की रात तक छः लोगों को गिरफ्तार कर एक अवैध तमंचा बरामद कर पुलिस पूछताछ कर रही है। युवकों की गिरफ्तारी पर गांव में तरह–तरह की चर्चाएं हो रही है। मड़ियाहूं कोतवाली क्षेत्र के सरौना गांव निवासी एक युवक ने तमंचा लहराते फेसबुक इंस्टाग्राम व्हाट्सएप एवं ट्विटर समेत अन्य सोशल मीडिया पर स्टेटस लगा कर समाज में अपना भौकाल बना रहे थे। सोशल मीडिया पर यह पोस्ट दो दिन पहले किया गया था। सोशल मीडिया पर इस तरह पोस्ट को देखकर क्षेत्र में अभी चर्चा ही हो रही थी कि पुलिस ने इसे संज्ञान में ले लिया। शनिवार की रात मड़ियाहूं पुलिस ने देर रात तक छापेमारी शुरू किया। पोस्ट के दौरान सोशल मीडिया पर जो भी युवक उस पोस्ट को टैग किया था सभी युवकों के घर छापेमारी कर छः लोगों को गिरफ्तार कर पुलिस अपने साथ ले गई है।इस संबंध में मड़ियाहूं कोतवाल किशोर चौबे ने बताया कि गिरफ्तार युवकों ने फेसबुक इंस्टाग्राम, ट्विटर समेत अन्य सोशल मीडिया पर अपना अवैध असलहा के साथ स्टेटस लगा कर समाज में दबंगई करने की सूचना मिली थी। जिसके कारण यह कार्रवाई हुई लेकिन असलहा बरामद करने की बात पर बाद में बताने की बात कही। उन्होंने कहा कि अभी गिरफ्तार युवकों से पूछताछ की जा रही है।

गोयल इंस्टीट्यूट का 15 वां स्थापना दिवस समारोह सम्पन्न

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। अयोध्या रोड स्थित गोयल इंस्टीट्यूट का 15 वाँ स्थापना दिवस समारोह हवन पूजन के साथ संपन्न हुआ। गोयल इंस्टीट्यूट के चेयरमैन महेश गोयल सपरिवार हवन पूजन में शामिल हुए। वृक्षारोपण कार्यक्रम में 101 पौधे लगाए गए। चेयरमैन महेश गोयल ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। छात्र–छात्राओं ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। प्रसाद

वितरण किया गया इस अवसर पर सभी संस्थानों के प्राचार्य, निदेशक, प्रवक्तागण एवं सभी कर्मचारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर डेली इंसाइडर की टीम ने एक व्यक्ति एक पेड़ लगाने के लिए लोगों से अपील की। अरुण गक्खर, डॉ रीना पाठक, डॉ ऋषि अस्थाना, डॉक्टर अमरेश गुप्ता, डॉ संतोष पांडे, डॉ आकाश वेद, डॉक्टर जैनेंद्र वर्मा , डॉक्टर शैलेंद्र शुक्ला, डॉ अविनाश चंद्र श्रीवास्तव, डॉक्टर आलोक जैन, डॉ आलोक कुमार मिश्रा, डॉ मनीष सिंह, डॉ प्रियंका, डॉक्टर प्रणव, डॉक्टर जया, डॉ लक्ष्मी सिंह, डॉ अजय रावत, डॉ अरविंद सक्सेना, डॉ संदीप गुप्ता, प्रोफेसर अमरजीत यादव सहित तमाम चिकित्सक उपस्थित रहे।

फसल बीमा प्रचार वाहन को जिलाधिकारी ने किया रवाना

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने सोमवार को कलेक्ट्रेट परिसर से फसल बीमा प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया, जो जनपद के समस्त 21 विकास खंडों के 218 न्यायपंचायतो में भ्रमण कर योजना की जानकारी देगा, इस मौके पर अपर

जिला कृषि अधिकारी डा. रमेश चंद्र यादव ने बताया कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना से अधिक से अधिक किसानों को जोड़ने के लिए प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के संदेशों का प्रचार प्रसार ब्लाक स्तरीय खरीफ किसान गोष्ठीयो, क्षेत्रीय चौपालों में किया जारहा,जहां 31 जुलाई तक इच्छुक किसानों से फार्म भरवा करके मात्र दो प्रतिशत प्रीमियम पर उन्हें खरीफ फसलों पर फसल बीमा योजना से लाभान्वित कराया जाएगा। इस मौके पर उप कृषि निदेशक जय प्रकाश, एचडीएफसी बीमा कंपनी के जिला कोऑर्डिनेटर भानू प्रसाद तिवारी एवं तहसील कोऑर्डिनेटर, मनीष सिंह आदि मौजूद रहे।

मड़हा में छात्र ने लगाई फाँसी

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : बक्शा थाना के लखनीपुर गांव में 22 वर्षीय स्नातक का छात्र ने मड़हा में रस्सी के सहारे फाँसी लगाकर जान दे दिया। सूचना पर पहुँचे उपनिरीक्षक द्वारिका यादव ने पहुँच शव को कब्जे में लेते हुए आवश्यक कार्यवाही में जुट गई। उक्त गांव निवासी ओमप्रकाश बिंद का पुत्र अजय बिंद स्नातक की पढ़ाई के साथ सेना में भर्ती के लिए प्रयासरत था। रोज की तरह युवक अजय 11 बजे खाना पीना खाकर मड़हा में सोने चला गया। अजय का छोटा भाई विजय बिंद मड़हा से भाई के न निकलने पर सुबह मड़हा में गया तो भाई को बॉस के सहारे रस्सी से लटकते देख जोर से चिल्लाया। शोर सुनकर पहुँचे आसपास के लोग व पिता की मौजूदगी में शव नीचे उतरवाया गया। मृतक युवक की मां करीब 8 साल पहले मृत हो चुकी है। परिवार में सिर्फ पिता ओमप्रकाश व पुत्र अजय व विजय ही घर पर रहतें थे। होनहार पुत्र की मौत से पिता का रो रोकर बुरा हाल है।

अखिल भारतीय कायस्थ महासभा हमेशा देशहित राष्ट्रहित समाजहित के लिए कार्य करती थी करती रहेगी –हृदय नारायण

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : अखिल भारतीय कायस्थ महासभा हमेशा देशहित राष्ट्रहित समाजहित के लिए कार्य करती थी व करती रहेगी पर एक स्वयं भू संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुबोध कांत सहाय जी ने देश के लोकप्रिय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बारे में अपसब्द कहते है जिसकी निंदा देशभर के कायस्थ समाज के लोगो ने किया। उक्त विचार अखिल भारतीय कायस्थ महासभा उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष हृदय नारायण श्रीवास्तव जी ने आज एक होटल में पत्रकार वार्ता के दौरान कही उन्होंने कहा की सुबोध कांत सहाय की महासभा अब कांग्रेस कायस्थ महासभा हो गई हैं उन्हें मोदी जी के खिलाफ अपसब्द कहने के लिए देश से व कायस्थ समाज से माफी मांगनी चाहिए। कायस्थ महासभा के प्रदेश अध्यक्ष हृदय नारायण लाल श्रीवास्तव ने कहा की कायस्थ महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी जितेन्द्र नाथ सिंह के नेतृत्व में पूरे देश के कोने कोने तक संगठन का विस्तार कर महासभा को मजबूत कर रही हैं। कायस्थ महासभा हर कायस्थों के हित व उत्थान के लिए दृढ़संकल्पित हैं महासभा का वृक्षारोपण अभियान चल रहा है हर कायस्थ देशहित में एक पेड़ जरूर लगाएं । कायस्थ महासभा के प्रदेश अध्यक्ष ने कायस्थ समाज के प्रबुद्ध जनो के साथ चाय पर चर्चा करते हुए कहा की आप सब प्रतिदिन रोज एक कायस्थ परिवार में जाये व उनके साथ बैठकर उनका सुखदुःख सुने इससे लोग महासभा को अपना समझकर महासभा से जुड़ेंगे उत्तर प्रदेश में कायस्थ महासभा कायस्थ समाज के हित के लिए अनेक कल्याणकारी योजना चला रही हैं। प्रदेश अध्यक्ष कायस्थ महासभा हृदय नारायण श्रीवास्तव ने कहा की कायस्थ महासभा उत्तर प्रदेश द्वारा शीघ्र ही लखनऊ में एक राष्ट्रीय स्तरीय कायस्थ सम्मलेन आयोजित किया जाएगा जिसमें पूरे देश से लोग भाग लेंगे उसमे कायस्थ समाज के सभी जनप्रतिनिधियों को सम्मानित किया जायेगा उस कार्यक्रम में प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी महाराज उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, वन मंत्री अरुण सक्सेना सहित अन्य कायस्थ विभूतिओ को आमंत्रित किया जायेगा। अंत मे उन्होंने ने कायस्थ महासभा संगठन की समीक्षा किया और संगठन को मजबूत करने के लिए दिशा निर्देश दिया। प्रदेश अध्यक्ष को स्मृति चिन्ह देकर व माल्यापर्ण कर जोरदार स्वागत किया गया। उक्त अवसर पर राजनैतिक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष शेखर कुमार श्रीवास्तव, महासचिव संजय अस्थाना, आनंद मोहन श्रीवास्तव, सरोज श्रीवास्तव, राजेश श्रीवास्तव, श्याम रतन श्रीवास्तव ,प्रदीप श्रीवास्तव ,प्रदीप अस्थाना ,संजय श्रीवास्तव ,दयाल सरन ,अजय श्रीवास्तव शशि श्रीवास्तव अमित निगम, विजय श्रीवास्तव, शशि श्रीवास्तव, रेखा श्रीवास्तव, ममता श्रीवास्तव सहित संगत पंगत के जिलाध्यक्ष पंकज श्रीवास्तव हैप्पी महामंत्री सुलभ श्रीवास्तव, संयोजक राजेश श्रीवास्तव,उपाध्यक्ष विश्व प्रकाश श्रीवास्तव दीपक पत्रकार शरद श्रीवास्तव अनुपम श्रीवास्तव, आतिश श्रीवास्तव आदि ने प्रदेश अध्यक्ष को स्मृति चिन्ह व अंगवस्त्र देकर स्वागत किया।

दवा लेते–लेते बने रिश्ते से जीविको पार्जन की राह हुई आसान

जौनपुर सू.वि. : पहले डेजिग्नेटेड माइक्रोस्कोपिक सेंटर (डीएमसी) के माध्यम से तथा बाद में गैर सरकारी संस्था (एनजीओ) के रूप में क्षयरोगियों की सेवा की । ठाकुरबाड़ी महिला विकास कल्याण समिति कम्प्यूटर सेंटर, सिलाई–कढ़ाई व जरी–जरदोजी का काम भी सिखाया। डीएमसीध्एनजीओ के सहयोग से ज्यादातर गरीब परिवारों ने इलाज कराया। इस दौरान बने रिश्ते का लाभार्थियों ने भरपूर उपयोग किया। जरी–जरदोजी, सिलाई–कढ़ाई और कम्प्यूटर का काम सीखा और तैयार किए सामानों को संस्था के सहयोग से बाजार पहुंचाया। उनकी कारीगरी की जिलाधिकारी की पत्नी डॉ अंकिता राज भी प्रशंसक हैं। उन्होंने कुशन और डुपट्टा का भी आर्डर दिया। सरस मेले में भी उनका सामान पसंद किया गया। सिंगरामऊ की गुलनाज (35) की 17 वर्ष पहले और रूबीना (38) की 12 साल पहले समिति के ही डीएमसी पर बलगम की जांच हुई जिसमें क्षयरोग की पुष्टि हुई। डीएमसी से हुई दवा से ही वह ठीक हुईं। इलाज के दौरान ही समिति के लोगों से उनकी आत्मीयता बनी और केंद्र सरकार के हस्तशिल्प विभाग से जोड़कर उनका शिल्पी कार्ड बनवाया गया। जरी–जरदोजी, सिलाई–कढ़ाई सहित विभिन्न प्रकार के प्रशिक्षण लेकर वह कुशल कारीगर बनीं। कुशन पर कढ़ाई, डुपट्टा, वाल हैंगिंग, रूमाल, तकिया, गिलाफ बनाने लगीं। उनके सामान वाराणसी और जौनपुर के सरस मेले में भेजवाये गये। सिंगरामऊ के समिति के दफ्तर पर आठ नवम्बर 2021 से 10 दिसम्बर 2021 तक जरी–जरदोजी की कार्यशाला चली। कार्यशाला के समापन पर आईं जिलाधिकारी की पत्नी डॉ अंकिता राज ने कुशन और डुपट्टा पर उनके हाथों की कारीगरों को खूब सराहा और आर्डर देकर मंगवाया। सिंगरामऊ की प्रज्ञा मौर्या (25) को तीन साल पहले और पूर्णिमा मौर्या (19) को सालभर पहले क्षयरोग हुआ। समिति के सहयोग से उनका इलाज चला और इलाज में एक पैसा खर्च नहीं हुआ। हर महीने 500 रुपये पोषण के लिये मिले। पोषण किट में मिले काजू–बादाम आदि सामानों ने उनके पोषण में मदद की। वह स्वस्थ हुईं तो समिति ने ही कम्प्यूटर कोर्स, सिलाई–कढ़ाई और जरी–जरदोजी का काम सिखाया। अब वह खुद से ही परीक्षा संबंधी फार्म आनलाइन भर लेती हैं। अपना कपड़ा खुद से सिल लेती हैं। उसपर कढ़ाई कर लेती हैं। पास–पड़ोस के लोगों से भी सिलाई का आर्डर लेती हैं और उसके पैसे से अपनी फीस भर लेती हैं और किसी भी परीक्षा के लिए भरने वाले फार्म के लिए घर से पैसे नहीं लेती हैं। रामगंज के पास गंजा निवासी शारदा (30) तथा उनके पति कल्लो (30) विकलांग हैं। पांच वर्ष पहले उनका यहां से इलाज हुआ। महिला विकास कल्याण समिति ने ही उनका विकलांग का सर्टिफिकेट बनवाया। अधिकारियों से सम्पर्क कर उनकी आर्थिक मदद करवाई। खानपान में मदद की तथा हर बार आने जाने का भाड़ा दिया। यह तो कुछ गिने–चुने उदाहरण हैं। बड़ी संख्या में लोग ठाकुर बाड़ी महिला विकास कल्याण समिति के सहयोग से क्षयरोग से पूरी तरह मुक्त हुए और समिति में ही प्रशिक्षण लेकर खुद की आर्थिक मदद करने में सक्षम हुईं। संस्था की अध्यक्ष अंजू सिंह बताती हैं कि 2004 से 2017 तक समिति डेजिग्नेटेड माइक्रोस्कोपिक सेंटर (डीएमसी) तथा ट्रीटमेंट एडहरेंस स्कीम के तहत ढाई से 3,000 के बीच संभावित क्षयरोगियों की जांच और उपचार में मदद कर चुकी है और वह स्वस्थ हो चुके हैं। 2018 से मार्च 2021 तक अक्षय प्रोग्राम के तहत 400 के लगभग क्षयरोगियों का इलाज कराया गया। संस्था जब क्षयरोग विभाग से नहीं जुड़ी थी तब भी क्षयरोगियों की जांच और इलाज कराने में मदद कर रही थी। क्षयरोग का इलाज कराने के बाद स्वस्थ हुए 200 से ज्यादा लोगों को प्रशिक्षण देकर उन्हें खुद की आर्थिक मदद करने में सक्षम बनाया गया है। जिलाधिकारी की पत्नी तथा आकांक्षा समिति की अध्यक्ष डॉ अंकिता राज कहती हैं कि समिति की महिलाओं के हाथों कुशन और डुपट्टा पर किया गया जरी का काम बहुत ही आकर्षक है। पहली निगाह में किसी को भी आकर्षित कर सकता है। जरी–जरदोजी कार्यशाला में उनके हाथों के बने सामान प्रभावित कर रहे थे, इसलिए मैंने कुशन और डुपट्टा का आर्डर दिया था। जिला क्षयरोग अधिकारी (डीटीओ) डॉ राकेश सिंह कहते हैं कि जनपद से क्षयरोग उन्मूलन में ठाकुरबाड़ी महिला विकास कल्याण समिति ने बहुत योगदान दिया है। जनपद में 3,406 क्षयरोगी उपचाराधीन हैं। ऐसे 24 एनजीओ दवा और पोषण में उन्हें मददकर रहीं हैं। सहयोग के दौरान बने संबंधों के चलते लाभार्थी उनके माध्यम से चलने वाली अन्य योजनाओं का भी फायदा उठा रहे हैं। इस वर्ष जनपद में कुल 8,500 क्षयरोगियों की खोज का लक्ष्य निर्धारित किया गया है जिसमें अब तक 3,400 क्षयरोगियों की खोज की जा चुकी है। मृत्यु दर में गिरावटरू क्षयरोग उन्मूलन अभियान के जिला कार्यक्रम समन्वयक सलिल यादव कहते हैं कि विगत वर्षों में क्षयरोगियों की मृत्यु दर में गिरावट आई है। पहले मृत्यु दर पांच प्रतिशत थी जो अब घटकर चार प्रतिशत रह गई है। निक्षय पोषण योजना में क्षय उपचाराधीनों के खाते में डीबीटी के माध्यम से प्रति माह 500 रुपये की धनराशि भेजे जाने की व्यवस्था है। इसके तहत 2021 में कुल 8,486 क्षय उपचाराधीनों को 1,74,55,00 रुपये तथा 2020 में 8,515 उपचाराधीनों को 2.10 करोड़ की धनराशि का वितरण किया गया। डीबीटी पोर्टल में कुछ तकनीकी दिक्कतों के चलते नवम्बर 2021 से डीबीटी स्कीम के माध्यम से भुगतान नहीं हो पा रहा था जो कि मई 2022 से पुनः संचालित हो गया है। वर्ष 2022 में डीबीटी के माध्यम से जून तक कुल 58 लाख रुपये क्षय रोगियों को निक्षय पोषण योजना के अंतर्गत भेजा जा चुका है।

चंदवक पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर चोरी की बाइक तमंचा कारतूस संग दो अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : चंदवक पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर रविवार रात बलरामपुर तिराहे से चोरी की बाइक, तमंचा कारतूस संग दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर चालान कर दिया। गिरफ्तार अभियुक्तों पर कई मामले थाने में दर्ज है। चंदवक थानाध्यक्ष रमेश कुमार एसआई मुरलीधर व हमराहियों संग रविवार रात गश्त कर रहे थे।इसी बीच बतौर मुखबिर सूचना मिली कि क्षेत्र के बलरामपुर तिराहे पर दो बदमाश किसी घटना को अंजाम देने के लिए खड़े है।पुलिस तत्परता दिखाते हुए दोनों को दबोच लिया।पूछने पर एक ने अपना नाम विशाल चौहान उर्फ शिवा पुत्र मन्नू निवासी झंझापार तराव थाना चंदवक व दूसरे ने रोहित यादव पुत्र रामवृक्ष निवासी गोठौली रसूलपुर लोहसड़ थाना खानपुर,गाजीपुर बताया।तलाशी में तमंचा,कारतूस, पांच मोबाइल व चोरी की बाइक बरामद हुई।पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर चालान कर दिया।

अयोध्या मंडल अयोध्या के अमेठी जिले में जे के लक्ष्मी सीमेंट ब्रांड हुआ लांच : पहली खेप पहुँची राम नगरी अयोध्या

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) अयोध्या मंडल अयोध्या के अमेठी जनपद में अपने ग्राहकों की विशेष निर्माण आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए और उत्तर प्रदेश राज्य की प्रगति में भागीदार बनने के लिए,भारत की सबसे प्रतिष्ठित सीमेंट कंपनियों में से एक,जेके लक्ष्मी सीमेंट लिमिटेड ने पूर्वी और मध्य यूपी में अपने सीमेंट ब्रांड लॉन्च किए हैं।जिसमे पहली खेप में इक्यावन ट्रक निकली।जिसमे सबसे पहली सीमेंट से एक खेप(ट्रक)भगवान श्री राम के पावन नगरी अयोध्या पहुँची।जहाँ पर श्री राम जन्मभूमि तीर्थ ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय के अलावा जेके लक्ष्मी सीमेंट के प्रेसिडेंट मार्केटिंग अरुण कुमार शुक्ला, सेल्स हेड अमित माथुर,जोनल हेड सुनील जैन,यूपी हेड अजीत सिंह, अयोध्या ब्रांच के हेड अखिलेश सिंह,अयोध्या और अंबेडकर नगर के सीएनएफ सेल्स प्रमोटर अजीत अग्रहरि सहित कंपनी के सभी अधिकारी व कर्मी मौजूद रहे।इस मौके पर पूजन अर्चना के बाद यह सीमेंट प्रभु श्री राम के चरणो में सौपी गई।इस मौके पर देश की उपासना हिंदी समाचार पत्र व एनबीसी चैनल अयोध्या के ब्यूरो चीफ राजेश श्रीवास्तव से खास मुलाकात में अयोध्या अम्बेडकरनगर के सीएनएफ व सेल्स प्रमोटर अजीत अग्रहरि ने बताया कि जे के लक्ष्मी सीमेंट और उसके प्रीमियम ब्रांड, जेके लक्ष्मी प्रो सीमेंट का अनावरण अमेठी संयंत्र में आयोजित एक कार्यक्रम में किया गया।इस अवसर पर कंपनी के शीर्ष अधिकारी, डीलर्स और व्यापारिक सहयोगी मौजूद थे।इस मौके पर प्लांट में आयोजित फ्लैग ऑफ समारोह में, जेके लक्ष्मी सीमेंट से भरा पहला ट्रक अयोध्या में राम मंदिर के लिए भेजा गया और बाद में पूर्वी और मध्य उत्तर प्रदेश में कंपनी के शीर्ष डीलरों को जेके लक्ष्मी सीमेंट से भरे 51 ट्रक भेजे गए।इससे पहले संयंत्र में कामकाज की शुभ शुरुआत के लिए पूजा का आयोजन किया गया।इस अवसर पर अरुण शुक्ला, प्रेसिडेंट, जेके लक्ष्मी सीमेंट लिमिटेड ने कहा, जेके लक्ष्मी सीमेंट अपराजेय क्वालिटी और ताकत वाले सीमेंट उत्पाद बनाता है और यह पहले से ही "इंडिया के बेस्ट परफॉर्मर" के रूप में स्थापित हो चुका है। जेके लक्ष्मी ने हमारे सभी बाजारों में ग्राहकों की स्वीकृति और अनुमोदन प्राप्त किया है, और हमें विश्वास है कि बहुत जल्द, ब्रांड जेके लक्ष्मी उत्तर प्रदेश में भी अपनी एक ताकतवर पहचान बनाने में कामयाब होगा। भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान, रोहित शर्मा जेके लक्ष्मी सीमेंट के ब्रांड एंबेसडर हैं, और हर कोई जल्द ही उन्हें हमारे विज्ञापनों में

भी देखेगा।जेके लक्ष्मी प्रो सीमेंट एक प्रीमियम सीमेंट है जो पहले ही उत्तर भारत में अपनी श्रेणी में नंबर एक का दर्जा हासिल कर चुका है। जेके लक्ष्मी प्रो सीमेंट का निर्माण विशेष फॉर्मूले के साथ किया जाता है जो घने, उच्च और अभेद्य श्रेणी का कंक्रीट प्रदान करता है जो नए युग की निर्माण आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए 7 लाभ प्रदान करता है।जेके लक्ष्मी प्रो के 7 लाभों में माइक्रो पार्टिकल स्ट्रेंथ के साथ प्लस ड्यूरेबिलिटी, साथ ही बेहतर फिनिश प्रदान करने वाले महीन सीमेंट पार्टिकल्स शामिल है।ये सीमेंट जल्दी डी–शटरिंग करके समय बचाता है और तेजी से निर्माण सुनिश्चित करता है। यह उच्च गुणवत्ता वाले टैम्पर प्रूफ और नमी प्रतिरोधी एडस्टार बैग में आने के वजह से सीमेंट की सही मात्रा और जबरदस्त गुणवत्ता देता है। कंपनी के साथ 400 से अधिक डीलर्स जुड़ चुके हैं और जेके लक्ष्मी ब्रांड जल्द ही मध्य और पूर्वी उत्तर प्रदेश के सभी जिलों में उपलब्ध होगा।जेके लक्ष्मी सीमेंट, जिसका सालाना कारोबार रु 5000 करोड़ है, भारत की प्रमुख सीमेंट कंपनियों में से एक है। कंपनी ने 1982 में राजस्थान में अपना पहला संयंत्र शुरू किया। आज, कंपनी के राजस्थान, छत्तीसगढ़, ओडिशा, गुजरात और हरियाणा में सीमेंट निर्माण प्लांट हैं। जेके लक्ष्मी सीमेंट व्हाइट सीमेंट, रेडी मिक्स कंक्रीट (आरएमसी), उच्च ग्रेड जिप्सम प्लास्टर, एयरेटेड ऑटो–क्लेव (एएसी) ब्लॉक आदि के निर्माण और मार्केटिंग के व्यवसाय में भी है। कंपनी पिछले चार दशकों से सीमेंट व्यवसाय में है और ग्राहकों की संतुष्टि के उद्देश्य से अपने नवीन प्रयासों और पहलों के आधार पर खुद की अलग पहचान बनाने में सक्षम रही है।कंपनी 135 से अधिक वर्षों की विरासत और 4बिलियन अमरीकी डालर वाले जेके आर्गेनाइजेशन का हिस्सा है, जो राष्ट्रीय विकास के लिए महत्वपूर्ण विभिन्न क्षेत्रों में योगदान कर रही है। ये संगठन राष्ट्र की प्रगति के लिए कई महत्वपूर्ण और त्रुटिहीन गुणवत्ता के उत्पादों का निर्माण करके ष्मेक इन इंडियाष अभियान के लिए प्रतिबद्ध है। समूह की मजबूत ब्रांड इक्विटी नवीनतम तकनीकों, निरंतर अनुसंधान और इनोवेशन के माध्यम से बनाई गई है।

शासन ने कई जिलो के पुलिस कप्तान के कार्यक्षेत्र में किया फेरबदल : प्रशांत वर्मा अयोध्या जिले के बने नये एसएसपी

अयोध्या।(डाक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता) उत्तर प्रदेश शासन ने बड़े पैमाने पर कई जिलों के पुलिस कप्तानों के तबादले कर दिये।जिसे कन्नौज जनपद में तैनात पुलिस कप्तान प्रशांत वर्मा अयोध्या जिले के नये वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बने।वही इसी कड़ी जबकि मुजफ्फरनगर, सहारनपुर, मथुरा, गोरखपुर, गोंडा, और प्रयागराज के पुलिस कप्तान के साथ–साथ गाजीपुर, बिजनौर, मिर्जापुर, कासगंज और अमेठी में भी नए पुलिस कप्तान की तैनाती की गई है।सूत्र के मुताबिक शैलेश कुमार पांडे को अयोध्या से प्रयागराज,अजय कुमार को प्रयागराज से सीबीसीआईडी लखनऊ, रोहन बोत्रे को कासगंज से गाजीपुर, प्रशांत वर्मा को कन्नौज से अयोध्या, सहारनपुर के एसएससी आकाश तोमर को गोंडा का एसपी बनाया गया है। गाजीपुर के एसपी राम बदन सिंह को नोएडा कमिश्नरेट में तैनाती दी गई है। राजेश कुमार श्रीवास्तव कन्नौज के नए एसपी होंगे। गोरखपुर के एसएसपी विपिन टाडा सहारनपुर के नए एसपी होंगे। मथुरा के एसपी गौरव ग्रोवर गोरखपुर के एसएसपी होंगे। मुजफ्फरनगर के एसएसपी अभिषेक यादव को मथुरा का एसपी बनाया गया है। अमरोहा के एसएसपी विनीत जायसवाल को मुजफ्फरनगर का एसपी बनाया गया है।अमेठी के एसपी दिनेश सिंगर बिजनौर के एसपी

होंगे। किला मारण जी को अमेठी का एसपी बनाया गया है। संतोष कुमार मिश्रा गोंडा से मिर्जापुर एसपी के रूप में स्थानांतरित किए गए है। बेबी जीडीएस मूर्ति को कानपुर पुलिस कमिश्नर से कासगंज का एसपी बनाया गया है आदित्य लंगे वाराणसी से अमरोहा के एसपी बनाए गए हैं।वही मिर्जापुर के एसपी अजय कुमार सिंह वाराणसी में पीएसी के सेक्टर डीआईजी होंगे। बिजनौर के एसपी धर्मवीर को पीएसी स्थानांतरित किया गया है। कानपुर पुलिस कमिश्नरेट में तैनात एसपी संजीव त्यागी को अयोध्या में इंटेलिजेंस का एसपी बनाया गया है। डॉ भीमराव अंबेडकर पुलिस अकैडमी मुरादाबाद में तैनात एसपी विजय धूल को कानपुर कमिश्नर में डीसीपी के पद पर देहाती दी गई है।सीबीसीआईडी में एसपी राहुल राज को लखनऊ पुलिस कमिश्नरेट में डीसीपी बनाया गया है।

जिलाधिकारी अध्यक्षता में सम्पन्न हुई वृक्षारोपण समिति की बैठक

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) जिलाधिकारी नितीश कुमार की अध्यक्षता में तहसील सोहावल के सभागार में जिला वृक्षारोपण समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में प्रभागीय वनाधिकारी द्वारा दिनांक 05, 06 व 07 जुलाई 2022 तथा 15 अगस्त 2022 को एक ही दिन में वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम के अन्तर्गत प्राप्त जनपद अयोध्या हेतु कुल 40.99 लाख पौधों का रोपण चरणबद्व रूप से कराने हेतु विभागवार निर्धारित लक्ष्य की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि वृक्षारोपण जन आन्दोलन के अन्तर्गत प्राप्त लक्ष्य के क्रम में जनपद में दिनांक 05 जुलाई 2022 को 29,28757 पौधे, दिनांक 06 जुलाई को 292750 पौधो, दिनांक 07 जुलाई को 292750 पौधे तथा दिनांक 15 अगस्त 2022 को 585500 पौधों कुल 4099757 पौधों को चरणबद्व रूप से रोपित करने हेतु वन विभाग सहित कुल 27 विभागों को उक्त दिनों हेतु लक्ष्य आवंटित किया गया है। जिलाधिकारी ने सभी सम्बंधित विभागों को अपने लक्ष्य के सापेक्ष सम्बंधित नर्सरी से समय से पौधों को उठान सुनिश्चित करने तथा आवंटन के अनुसार निर्धारित तिथियों में लक्ष्य की शत प्रतिशत प्राप्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने सभी विभागों को वृक्षारोपण की समस्त तैयारियों को भी समय से पूर्ण रखने के निर्देश दिये। बैठक में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, प्रभागीय वनाधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, परियोजना निदेशक डीआरडीए, डी0सी0 मनरेगा, सहित सम्बंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

विधायक ने किया वन महोत्सव का शुभारंभ

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) धरती को हरा–भरा करने और वन संपदा को बचाने के लिए वन विभाग ने वन महोत्सव चलाया है।शुक्रवार को भेलसर में विधायक रामचंद्र यादव ने वन महोत्सव का शुभारंभ किया।विधायक ने बरगद का पौधा रोपित किया।यहां पर जनप्रतिनिधियों व अफसरों ने 11 पौधों का रोपण किया। वन क्षेत्राधिकारी ओम प्रकाश ने बताया कि यहां नीम, आंवला, बरगद, गुलमोहर, अशोक, पीपल, जामुन, आम समेत अन्य छायादार और फलदार पौधे रोपे गए।वन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि जिस परिसर में पौधो लगाए गए है,चारों ओर से बैरिंगकटिंग कर पौधों की सतत देख–रेख की जाएगी। विधायक रामचंद्र यादव ने कहा कि एक पौधा रोपित होने से एक व्यक्ति के लिए आक्सीजन की व्यवस्था होती है।उन्होंने जनसमूह से पौध लगाने की अपील की।इस मौके पर एसडीएम स्वप्निल यादव,बीडीओ अखिलेश गुप्त,वन दरोगा वीरेंद्र तिवारी,निर्मल शर्मा,विनय वर्मा आदि मौजूद रहे।

पन्द्रह अगस्त से पहले पूरा हो अमृत सरोवर का निर्माण–विधायक

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) लोहटी सरैया गांव में डॉ. भीमराव अंबेडकर अमृत सरोवर व शहीद राजगुरु अमृत सरोवर का शिलान्यास व भूमि पूजन किया गया है। विधायक रामचंद्र यादव ने शिलान्यास समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि अमृत सरोवर सरकार की शीर्ष प्राथमिकता में है।अमृत सरोवरों के निर्माण में शिथलिता कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी।तालाबों से अतिक्रमण हटाया जाए और सरोवर को एक मॉडल के रूप में विकसित करें।उन्होंने कहा कि 15 अगस्त से पहले अफसर अमृत सरोवर का निर्माण कार्य पूर्ण करें।अमृत सरोवरों पर 15 अगस्त को ध्वजारोहण किया जाएगा।विधायक ने मोदी व योगी सरकार की योजनाओं के बारे में विस्तार से बताते हुए कहा कि अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना ही लक्ष्य है। बीडीओ अखिलेश गुप्त ने कहा कि अमृत सरोवर के चिहिंत तालाबों पर कार्य तेजी से चल रहा है।समय सीमा से पहले निर्माण कार्य पूरा करने का बीडीओ ने वादा किया।इस मौके पर एसडीएम स्वप्निल यादव,बीडीओ अखिलेश गुप्त,पंचायत सचिव प्रेम नाथ सिंह,नुसरत फातिमा,प्रधान मोहम्मद अली,भाजपा अनुसूचित मोर्चा जिलाध्यक्ष किशोरी लाल भारती,तेज तिवारी,निर्मल शर्मा,शिवानन्द,प्रधान अमरेश यादव,वन क्षेत्राधिकारी ओम प्रकाश,नर सिंह,ग्राम प्रधान देवीदीन,सदन लाल निषाद,सरवन कुमार,विनय वर्मा,राजू शर्मा,सुशीम जयंत आदि मौजूद रहे।

टूरिज्म वेलफेयर एसोसिएशन ने अयोध्या डायरी के संस्थापक एवं टूर गाइड अभिषेक सावन्त को अयोध्या चेप्टर का सह संयोजक किया नियुक्त

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) रामनगरी की पौराणिक कला, संस्कृति और विरासत से पर्यटकों को परिचित करवाने एवं अयोध्या के पर्यटन को विस्तार देने के लिए वाराणसी की संस्था टूरिज्म वेलफेयर एसोसिएशन ने अयोध्या डायरी के संस्थापक एवं टूर गाइड अभिषेक सावन्त को अयोध्या चेप्टर का सह संयोजक नियुक्त किया है। टूरिज्म वेलफेयर एसोसिएशन वाराणसी के अध्यक्ष राहुल मेहता कहते है कि अभिषेक सावन्त संस्था की नीतियों एवं उद्देश्यों के तहत पर्यटन विशेषज्ञों से संवाद करने और सामाजिक जागरूकता के माध्यम से बेहतर संबंध स्थापित करने में अग्रणी भूमिका निभाएंगे,संस्था के अध्यक्ष मेहता यह मानते है कि सावन्त बतौर स्वतन्त्र पत्रकार एवं कहानीकार के रूप में अयोध्या डायरी वेबसाइट के माध्यम से तथ्यपूर्ण जानकारी देश दुनिया से आ रहे पर्यटकों के साथ साझा कर रहे है, साथ ही अयोध्या और वाराणसी के पर्यटन संबंधों को व्यावसायिक आर्थिक तौर पर भी आगे ले जाने का कार्य कर रहे हैं। वही अयोध्या चेप्टर के संयोजक और टूर एस्कॉर्ट आदित्य प्रताप ने नवनियुक्त सह संयोजक को बधाई देते हुए कहा कि संस्था के द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से पर्यटन में जागरूकता पर भी ध्यान दिया जाएगा। इस अवसर पर संस्था के उपाध्यक्ष अभिषेक सिंह, सचिव प्रदीप राय व कोषाध्यक्ष संतोष सिंह ने बधाई दी। 108 कुंडो की खोज कर रहे सावन्त,वहीं अयोध्या के पौराणिक कुंडों और विस्मृत हो रही कला संस्कृतियों को संरक्षित करने के लिए कार्य किया जा रहा है। कुंडों की खोज में पहले फेज में 5 कोस दूसरे फेज में 14 कोस और तीसरे फेज में 84 कोस की परिधि पर कार्य किया जाएगा। कुंडों की खोज का वर्गीकरण नगर निगम के वार्डों के आधार पर होगा। अयोध्या डायरी के संस्थापक अभिषेक सावन्त का कहना है कि कुंडों की जिजीविषा वैज्ञानिक रूप से बाढ़ से बचाने के लिये होती थी साथ ही कुंडों को संरक्षित करने के लिए धार्मिक एवं पौराणिक मान्यताओं के सूत्र से भी पिरोना संरक्षण का ही एक उदाहरण रहा है। ऐसे में अयोध्या के कुंडों की खोज में अयोध्या की जनता को सहयोग के लिए आगे आना चाहिए जिससे कि अयोध्या की संस्कृति को सहेजा जा सके।

पीएचसी नरौली पर आयोजित हुआ सास –बहू सम्मेलन

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नरौली में शनिवार को सास–बहू सम्मेलन आयोजित हुआ।जिसमें स्वास्थ्य कर्मियों के साथ ही आशा बहुएं व काफी संख्या में ग्रामीण क्षेत्र की महिलाएं मौजूद रहीं।सम्मेलन में सभी महिलाओं को स्वास्थ्य संबंधी जानकारी देने के साथ ही उन्हें संचारी रोग व परिवार नियोजन के बारे में भी विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई।सम्मेलन में स्वास्थ्य कर्मियों ने वहां मौजूद महिलाओं से उनकी स्वास्थ्य संबंधी जानकारी लेने के साथ ही उसके निराकरण व बचाव संबंधी सुझाव भी दिए। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नरौली में लगभग 16 वर्ष से कार्यरत एएनएम सरिता भारती का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रुदौली तबादला होने पर विदाई समारोह आयोजित हुआ।जिसमे प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नरौली के स्वास्थ्य कर्मियों,आशा बहुओं व सम्मेलन में आई महिलाओं ने उन्हें उपहार भेंट कर उनकी भावपूर्ण विदाई की।

एसएसपी अयोध्या के मुताबिक नाबालिग से अवैध संबंध बना शिक्षिका सुप्रिया वर्मा के हत्या का मुख्य कारण

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शैलेश कुमार पांडे आज रविवार को यहाँ से जाते जाते आज से एक माह पहले एक जून को कोतवाली अयोध्या क्षेत्र के श्री राम पुरम् कॉलोनी में हुई बहुचर्चित शिक्षिका सुप्रिया वर्मा के हत्याकांड का खुलासा कर इस हत्याकांड में शामिल बाल अपचारी आरोपी को गिरफ्तार कर सराहनीय कार्य किया।इस खुलासे में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शैलेश कुमार पांडे के मुताबिक मृतका शिक्षिका सुप्रिया वर्मा का नाबालिक आरोपी से अवैध संबंध था।उन्होने बताया कि आरोपी के मुताबिक मृतक शिक्षिका सुप्रिया से आगे भी संबंध बनाना चाहती थी परंतु आरोपी ऐसा नहीं चाहता था।जिसके चलते बाल अपचारी शिक्षिका की हत्या कर इसे लूट में बदलना चाहता था।वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शैलेश कुमार पांडे के मुताबिक मालूम हो कि आज से एक माह पूर्व एक जून को कोतवाली अयोध्या क्षेत्र के श्री राम पुरम् कॉलोनी मे सुप्रिया वर्मा की बड़ी ही बेदर्दी से हत्या हो गयी थी जो कि पुलिस के लिए बहुत ही चुनौती का विषय बना रहा।इस संबंध में रविवार को पुलिस लाइन स्थित सभागार में आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान उप पुलिस महानिरीक्षक अयोध्या रेंज अयोध्या ए पी सिंह व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शैलेश कुमार पांडे ने संयुक्त रूप से बताया कि इस हत्याकांड में शामिल मुख्य आरोपी बाल अपचारी पुत्र दिग्विजय सिंह निवासी मकान नंबर 499 श्री राम पुरम कॉलोनी देवकाली बाईपास थाना कोतवाली अयोध्या जनपद अयोध्या उम्र करीब 17 वर्ष को बाईपास हाईवे ओवर ब्रिज के नीचे से पुलिस ने गिरफ्तार किया।इस दौरान उन्होंने पत्रकार वार्ता के दौरान उन्होने बताया कि एक जून को श्री राम पुरम कॉलोनी देवकाली बाईपास थाना कोतवाली अयोध्या जनपद अयोध्या सुप्रिया वर्मा पत्नी उमेश कुमार वर्मा निवासी ग्राम ऊफरौली पठानपुर थाना जलालपुर जनपद अंबेडकरनगर अस्थाई निवासी पटवारी का पुरवा देवकाली बाईपास थाना कोतवाली अयोध्या जनपद अयोध्या की हत्या अज्ञात व्यक्ति द्वारा कर दी गई

थी।जिसके संबंध में स्थानीय थाने में मुकदमा पंजीकृत थी।इस विवेचना के क्रम में उन्होंने बताया कि इसमें शामिल पुलिस टीम द्वारा काफी बारीकी से सुरागरसी व सीसीटीवी फुटेज बैकअप आदि से बाल अपचारी पुत्र दिग्विजय सिंह निवासी मकान नंबर 499 श्री राम पुरम कॉलोनी देवकाली बाईपास थाना कोतवाली अयोध्या जनपद अयोध्या उम्र करीब 17 वर्ष का नाम प्रकाश में आया जिसे आज पुलिस ने गिरफ्तार किया।इस मौके पर उन्होंने बताया कि गिरफ्तार किए गए बाल अपचारी का मृतका सुप्रिया वर्मा से संबंध बताया गया जो कि वर्ष 2019 से एक दूसरे पर जनों की अनुपस्थिति में मिलते थे और परिवार वालों को इस बात की जानकारी होने पर बुरा मान जाएंगे।इसलिए मृतका सुप्रिया वर्मा से उक्त आरोपी संबंध तोड़ना चाहता था परंतु शिक्षिका ऐसा नहीं करना चाहती थी।परंतु उससे तंग आकर मौका पाकर आरोपी ने पुलिस के मुताबिक उस समय सुप्रिया वर्मा की हत्या कर दी जब उसके घर पर कोई नहीं था।इस संबंध में इन दोनों अधिकारियों ने बताया कि मौका ए वारदात से नुकीला राड बरामद किया गया। इस मौके पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शैलेश कुमार पांडे ने बताया कि प्रथम दृष्ट्या आरोपी ने मृतका शिक्षिका की हत्या कर इसे लूट की घटना में दिखाना चाह रहा था।परंतु वह इस कामयाबी में सफल नहीं हो सका।इस सराहनीय कार्य का अनावरण करने में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली अयोध्या अश्वनी कुमार पांडे, स्वाट टीम प्रभारी निरीक्षक अरशद खान, थानाध्यक्ष कैंट रतन कुमार शर्मा,उप निरीक्षक मनोज शर्मा उपनिरीक्षक लल्लन यादव,उपनिरीक्षक धर्मेंद्र कुमार मिश्रा की सराहनीय भूमिका रही।

राजनेताओं के खोखले वादे : नहीं बनी जनपद के कई विधानसभा के गांवों की जर्जर सड़क

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) स्कूल विद्या का वह मंदिर होता है जहां पर हजारों बच्चों का भविष्य तय होता है जिस पर समय–समय पर सरकार तमाम स्कूलों को आगे बढ़ाने के लिए सहायता राशि भी भेंट करती है लेकिन कही कहीं पर आज भी नेता विधायक का केवल वादा देखने को मिल रहा है। चुनाव नजदीक आते ही नेताओं के द्वारा विकास के लिए तरह–तरह के वादे किए जाते हैं लेकिन जब कुर्सी हाथ में आ जाती है तो वही लोग अपने वादों से मुकर जाते हैं वह पहचानते ही नहीं कि आज जिस कुर्सी पर हम हैं वह जनता की देन है आज हम जिस स्कूल की बात कर रहे हैं वह स्कूल है आर डी जे डी शिक्षण संस्थान भाऊपुर हैरिग्टनगंज की जो दो विधानसभाओं में आता है पहला विधानसभा मिल्कीपुर तो दूसरा विधानसभा गोसाईगंज विधानसभा चुनाव के दौरान सडकों जैसी गंभीर समस्या पर प्रत्याशियों ने बड़े–बड़े वादे किए थे लेकिन वही जीतने के बाद भूल गए शायद वो यह नही जानते की स्कूलों में हजारों बच्चों का भविष्य तय होता है लेकिन क्या उस स्कूल तक बच्चों को पहुंचने के लिए सड़के बनाई गई नही?रास्ते बनाए गए नहीं?केवल वादा ही रह गया आज इस स्कूल में और गांवो मे आने के लिए बच्चों को लोगो को ग्राम बंधु डिग्री कॉलेज से जिंदा का पुरवा संपर्क मार्ग तक का रास्ता व कच्ची सड़कों पर गिरते देखा जा सकता है राहगीरों को गिरते देखा जा सकता है और तों और बच्चों का भविष्य भी खतरे में नजर आ रहा है क्योंकि इस स्कूल में जाने के लिए रास्ता नहीं है चुनाव के समय स्कूल और गांव को अच्छी सडक देने का वादा करने वाले मिल्कीपुर विधानसभा विधायक अवधेश प्रसाद,गोसाईं गंज विधानसभा विधायक अभय सिंह,जिलापंचायत सदस्य श्रीमती इन्दूसेन जी व हैरिग्टनगंज गंज ब्लॉक प्रमुख अंकुर सेन पर ग्रामीण व स्कूल की आस टूटती नजर आ रही है आज भाऊ पुर नदौना की सड़क को देखा जाए तो लोग पैदल नहीं चल सकते हैं यह गांव जनपद अयोध्या और जनपद सुल्तानपुर का बॉर्डर है जिसकी वजह से यहां पर केवल खोखले वादे ही किए जाते हैं वादे पर खरा नहीं उतरा जाता है सरकार शिक्षा के प्रति कितना जागरूक है यहां की सड़कों को देख करके अंदाजा लगाया जा सकता है अब देखना यह है कि सरकार नींद से जागती है या फिर मौजूदा विधायकों के खोखले वादे सच साबित होते हैं।

चाणक्य परिषद ने देश के ब्राह्मणों को एकजुट करने की भरी हुंकार

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) अखिल भारतीय चाणक्य परिषद के सेक्टर 5अनंत शिखर साकेत पुरी कॉलोनी वैद्य आर पी पांडे के आवास पर संपन्न बैठक में देश के ब्राह्मणों को एकजुट करने और सवर्ण आयोग का गठन आरक्षण आर्थिक आधार पर करने और पूरे देश में समान नागरिक संहिता लागू करने की आवाज बुलंद की है। और सोमवार 4 जुलाई को मंडलायुक्त को उपरोक्त चार बिंदुओं पर पारित प्रस्ताव का ज्ञापन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भेजने का निर्णय लिया है।बैठक के मुख्य अतिथि अखिल भारतीय चाणक्य परिषद के राष्ट्रीय संरक्षक एवं श्री श्री परशुराम सेवा ट्रस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित कृपा निधान तिवारी ने पूरे देश के ब्राह्मणों को एकजुट होकर अपनी शक्ति का प्रदर्शन करने का आवाहन किया है और कहां है कि उत्तर प्रदेश के 23: आबादी वाले ब्राह्मणों का आज कोई पुरसाहाल नहीं है। जबकि छोटे–छोटे दल के जातीय संगठनों को की एकजुटता के कारण उनको महत्त्व मिल रहा है।बैठक का संचालन परिषद के जिला उपाध्यक्ष लखन धर त्रिपाठी अध्यक्षता जिलाध्यक्ष दुर्गा प्रसाद तिवारी आफत ने सफलता पूर्वक किया भारतीय सनातन धर्म के गोरखपुर से आए डॉक्टर हौसला प्रसाद शुक्ला ने ब्राह्मणों को आचार विचार में रहने और बच्चों को संस्कार सिखाने सहित एकजुटता पर जोर दिया वहीं पर सिद्धार्थनगर से आए सर्वजन हित पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्याम नारायण चौबे ने अपने ओजस्वी भाषण में कहां की ब्राह्मण किसी समय में विश्व गुरु था और समाज की दशा और दिशा तय करता था और एकजुट न होने के कारण आज पहचान खो रहा है। परिषद के प्रदेश अध्यक्ष पवन पांडे सर्वजन हिताय पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्याम नारायण चौबे गोरखपुर से आए हौसला प्रसाद शुक्ल सर्वजन पार्टी के प्रमुख महासचिव देवरिया वीरेंद्र मिश्र बिरही आदि का फूल माला पहनाकर स्वागत किया गया। परिषद ने आरक्षण आर्थिक आधार पर करने सहित तीन बिंदुओं का ज्ञापन प्रधानमंत्री को मंडलायुक्त के माध्यम से 4 जुलाई को भेजा जाएगा। श्रावणी उपाकर्म 11अगस्त को जिले के 7स्थानो पर त्यौहार मनाने का निर्णय लिया गया। जनपद अयोध्या के जिला कार्यकारिणी भंग करके आगामी 7 अगस्त को नई कार्यकारिणी गठन करने का निर्णय लिया गया है।बैठक में परिषद के श्याम सुंदर पांडे रमाकांत मिश्र ग राधेश्याम पांडे कृष्ण कुमार तिवारी परमानंद पाठक राकेश चौबे रमाकांत मिश्र उमाशंकर तिवारी लेखा परीक्षा कमल नाथ पांडे राम भरत पांडे डॉक्टर राम सुरेश पांडे गिरीश पाठक विनोद तिवारी राजेंद्र मिश्र श्याम सुंदर पांडे के के तिवारी विजय तिवारी दिनेश पांडे अखिलेश पांडे राम सुरेंद्र मिश्र अवधेश मिश्र राम मूरत तिवारी आदि ने एकजुट होकर अपनी शक्ति का प्रदर्शन करने की आवश्यकता जताई।

जिला न्यायालय के दो कर्मियों को सेवानिवृत्ति पर समारोह पूर्वक दी गई विदाई

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) फैजाबाद जिला न्यायालय में कार्यरत वरिष्ठ वैयक्तिक सहायक श्याम सरन श्रीवास्तव एवं सुरेश चंद्र निगम के सेवानिवृत्ति पर स्टोनोग्राफर्स संघ जिला न्यायालय फैजाबाद की ओर से शहर के एक प्रतिष्ठित रेस्टोरेंट में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। प्रादेशिक संघ के कार्यकारिणी सदस्य एवं जिला जज फैजाबाद के वैयक्तिक सहायक विनीत ओझा एवं विकास वर्मा के निर्देशन में आयोजित उक्त कार्यक्रम की अध्यक्षता संघ के पूर्व सेवानिवृत सदस्य एवं संरक्षक राम विलास मिश्र द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन धीरज श्रीवास्तव एवं विवेकानंद तिवारी, वैयक्तिक सहायकगण ने किया। संघ के वरिष्ठ सदस्य एवं पारिवारिक न्यायालय फैजाबाद के वैयक्तिक सहायक सुभाष पाठक ने सर्वप्रथम सेवानिवृत्त कर्मियों का संघ की तरफ से माल्यार्पण एवं भेंट प्रदान कर उनका अभिवादन एवं उनको सम्मानित किया। इसके बाद सेवानिवृत्त कर्मियों द्वारा अपने विचार व्यक्त किए गए। कार्यक्रम में जिला न्यायालय में कार्यरत वैयक्तिक सहायक एवम स्टेनोग्राफर शैलेन्द्र श्रीवास्तव, उमा शंकर श्रीवास्तव, डीके श्रीवास्तव, प्रेमशंकर श्रीवास्तव, महेंद्र पांडे, शत्रुघ्न, रमेश मिश्रा, रविन्द्र मिश्र, सुनील तिवारी, अजय पांडेय, अमित पटेल, सुश्री साक्षी पांडे, सुश्री दिव्या भारती, सुश्री प्रियंका यादव, दुष्यंत कुमार एवं संतोष कुमार शामिल रहे।

सम्पादक मंडल
पं. लाल साहब उपाध्याय (सत्यवेदानन्द जी), बाबा शक्ति नाथ (ज्योतिषाचार्य)श्री विजय कुमार तिवारी, श्री दीपचन्द्र मौर्य (एडवोकेट), श्री सुभाष चन्द्र सेठ,श्री ऋषिकेश द्विवेदी, श्री शिवशंकर तिवारी
प्रमुख कार्यालय– हिन्दी साप्ताहिक " देश की उपासना"
पता–ई 3464,राजाजी पुरम्(निकट मिनी स्टेडियम) लखनऊ उ0प्र0
लखनऊ सम्पादक– श्री पी0सी0श्रीवास्तव मों0 9415545107

स्वात्वाधिकारी की ओर से में0 प्रभुदयाल प्रकाशन के लिए श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रभुदयाल श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक
श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव

सह सम्पादक
श्रीमती हेमा त्रिपाठी
मो0–7007415808,9628325542,9415034002

RNI संन्दर्भ संख्या – 24/234/2019/R-1
deshkiupasanadailynews@gmail.com

उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है,समाचार पत्र में प्रकाशित लेख/समाचारों से सम्पादक की सहमति अनिवार्य नही
समाचार–पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायलय होगा।